**Ashwani Lohani**
CEO Services Business, GMR Group



**Dr. Nandita Pathak**
Social Enterpreneur



**Giriraj Goyal**
Director, Jal Shakti Ministry



**Anil Sagar**
Sr. Journalist, Punjab Kesari Group



**Yugal Joshi**
Director, Jal Jeevan Mission



# विद्यार्थियों को ओजोन परत के बारे में किया जागरूक



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला के विद्यार्थी जागरूकता संदेश दिखाते हुए। संवाद

**बराड़ा।** उगाला सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को विश्व ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया गया।

विद्यार्थियों और समाज को पृथ्वी के इस प्राकृतिक सुरक्षा कवच 'ओजोन परत' के प्रति जागरूक करने के लिए भूगोल प्रवक्ता अभिमन्यु दहिया ने विद्यार्थियों को ओजोन परत क्या है, इसका क्या महत्व है, ओजोन छिद्र क्या होता है और विश्व में ओजोन दिवस के इतिहास के बारे में जानकारी दी।

साथ ही बताया कि हम किस प्रकार से ओजोन परत को बचा सकते हैं। इसके लिए विद्यालय के बच्चों को ऑफलाइन लेक्चर के माध्यम से और समस्त देश प्रदेश के विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए ऑनलाइन वीडियो लेक्चर तैयार करके यूट्यूब चैनल अल्टीमेट ज्योग्राफी के माध्यम से जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। बताया गया कि ओजोन वास्तव में पृथ्वी के वायुमंडल में 10 किलोमीटर से 50 किलोमीटर की ऊंचाई पर मिलने वाली एक हल्के नीले रंग की गैस होती है जो सूर्य से आने वाली पराबैंगनी विकिरणों से पृथ्वी की रक्षा करती है।

इस मौके पर स्कूल शिक्षक आरती अग्रवाल, शिक्षक अरविंद कुमार, भारत भूषण और विद्यालय के कई विद्यार्थी जिनमें सिमरन, याचना, अंजलि, आंचल, कोमल, रजनी, विशाल इत्यादि शामिल हैं मौजूद रहे।

16 September 2021 Amar Ujala My City (Ambala) Page - 4







## संक्षिप्त परिचय



अभिमन्यु दहिया

पहले गुरु माता–पिता के बाद टीचर का स्थान सर्वोच्च है। अब टीचर अगर पर्यावरण, जल संरक्षण की दिशा में बात करना शुरू कर दे तो लक्ष्य तक पहुंचना आसान है। हरियाणा के कई गांव आज भी सूखा ग्रस्त हैं लेकिन ऐसे टीचर्स अगर कदम बढ़ाएं तो जल, पर्यावरण, धरती की रक्षा कर सकते हैं।

# मास्टर जी का जल पत्र

**समस्त प्रियजनो,**

समस्त सौरमण्डल में हमारी पृथ्वी ही एकमात्र ऐसा ग्रह है, जिस पर जल है। जल है, इसीलिए पृथ्वी पर जीवन है। लेकिन मानवीय गतिविधियों के कारण समस्त संसार में जल की उपलब्धता दिनोंदिन समस्या बनती जा रही है। बहुत सारे देशों और बड़े – बड़े नगरों में गत समय में जल की emergency लग चुकी है।

हम सब के लिए शुद्ध जल लगातार उपलब्ध रहे, इसका एक मात्र उपाय यह है कि हमें पृथ्वी पर उपलब्ध जल संसाधनों को सतत पोषणीय विधियों से प्रयोग करते हुए भविष्य के लिए बचाना होगा। यह हम सबकी साँझा धरोहर है, जिसे बचाने के लिए मैं भी गत कई वर्षों से समय – समय पर और लगातार अपने स्तर पर प्रयास करता रहता हूँ। मेरे और मेरे विद्यालय द्वारा जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गए प्रयास में आप सब के साथ साँझा करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

**विद्यालय से शुरू किया जल संरक्षण अभियान**

हमने अपने विद्यालय – राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रेन वाटर और वेस्ट वाटर मैनेजमेंट का सिस्टम लगाया है। जिसके लिए हमने छत का पानी और पानी के टैंक से निकलने वाले अवशिष्ट पानी को एक भूमिगत टैंक में इक्ठा करते हैं और उसके बीच में एक पाइप बोरिंग कर रखा है। टैंक को लोहे के जाल से इस ढंग से ढक रखा है कि विद्यार्थियों को कोई असुविधा न हो। वर्ष में एक बार वर्षा ऋतु से पहले उस बोरिंग और टैंक की सफाई करवाते हैं। हमारे विद्यार्थी इस व्यवस्था को नियमित देखते हैं तो उन में भी जल बचाव के लिए प्रेरणा मिलती रहती है। अन्य साथी प्रेरणा लें, इसके लिए समय–समय पर प्रार्थना सभा में जल बचाव के लिए शपथ भी दिलाई जाती है। विद्यार्थियों और स्कूल मैनेजमेंट कमेटी मेंबर और ग्रामवासियों को जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के लिए, अप्रैल 22 को पृथ्वी दिवस पर, 5 जून को पर्यावरण दिवस, 16 सितंबर को ओज़ोन दिवस के अवसर पर पृथ्वी के बचाव, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरणा, जागरूकता अभियान जारी है।

**प्रिय शहीदों को श्रद्धांजलि, पर्यावरण के साथ**

बरसात के दिनों में पौधारोपण, एक पौधा शहीदों के नाम, एक पौधा अपने नाम, मेरा जन्मदिन मेरा पौधा आदि कार्यक्रमों के माध्यम से भी उनको लगातार पृथ्वी संरक्षण, वातावरण संरक्षण और जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जाता है। इन सब प्रयासों से हमारे विद्यार्थी इन सबके संरक्षण के लिए प्रयास करते रहते हैं तथा गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। मेरे यूटयूब चैनल के माध्यम से भी हम सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों से जुड़ते हैं। आप सभी से अनुरोध है कि आओ हम सब मिलकर – अपने लिए, सबके लिए अपनी पृथ्वी को बचाएँ और पर्यावरण तथा पृथ्वी को अपने लिए सुरक्षित बनाएं।

**अभिमन्यु दहिया**
प्रवक्ता भूगोल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,
उगाला (अम्बाला), हरियाणा








Holna River Rejuvenation Program
Before
After



## संक्षिप्त परिचय



अनिकेत द्वारकादास लोहिया

मराठवाड़ा क्षेत्र के शुष्क भूमि वाले किसानों की कठिनाइयों का अनुभव कर पानी की कमी को दूर करने और किसानों के उत्थान के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया है। लोगों के व्यवहार में परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित किया। इस क्षेत्र में योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ–साथ सामुदायिक जागरूकता, भागीदारी और सशक्तिकरण किया है। 25 वर्षों में शुष्क भूमि कृषि में जल संरक्षण प्रायोगिक कृषि तकनीकों को सफलतापूर्वक लागू किया।

# मराठवाड़ा में किसानों के लिए पानी की कमी को दूर करने का लक्ष्य

### भूजल सुधार के लिए निर्माण

मिशन मराठवाड़ा के गांवों में समग्र सूखा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे का निर्माण करना है। पिछले आठ वर्षों में भूजल पुनर्भरण और सतही जल क्षमता में सुधार के लिए जल क्षेत्र में विशेष रूप से 'वाटरशेड विकास' में महत्वपूर्ण मात्रा में काम किए गए। यह कंटीन्यूअस कंटूर ट्रेंच (सीसीटी), डीप कंटीन्यूअस कंटूर ट्रेंच (डीसीसीटी), लूज बोल्डर स्ट्रक्चर (एलबीएस), स्टोन बंड, मिट्टी के नाला बांध (ईएनबी), सीमेंट नाला बंद (सीएनबी), कम्पोजिट गेबियन स्ट्रक्चर (सीजीएस) का निर्माण करके किया गया था। करीबन 150 से अधिक गांवों में पानी जमा करने वाली गहरी खाइयां (डब्ल्यूएएडीटी ), फार्म बंड (कम्पार्टमेंट बांध), फार्म तालाब, रिचार्ज शाफ्ट आदि बनाए गए।

### स्कूल में रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग

स्थानीय स्कूलों और भवनों में रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग को लागू किया, लवणीय मिट्टी को पुनः प्राप्त किया और मौजूदा धाराओं को चौड़ा और गहरा करके जल संरचनाओं को फिर से जीवंत करने पर काम किया, दोहा संरचनाओं और बोरवेल पुनर्भरण गड्ढों के निर्माण में मदद की। मराठवाड़ा क्षेत्र में जलाशयों की गाद निकालने का लक्ष्य भी शुरू किया गया। तलहटी में जमा गाद को हटाने के लिए, मिट्टी की उर्वरता में सुधार के लिए गाद की सामग्री का उपयोग खेत में किया जाता है। इस प्रयोग से एक ओर जहां खेतों में खाद में मिट्टी की उर्वरता सुधरी, वहीं जलाशयों में बरसाती जल का अधिक स्टोरेज किया जा रहा है।

अनिकेत लोहिया की देखरेख में मानवलोक द्वारा कार्यान्वित जल क्षेत्र की परियोजनाओं ने पानी की समस्याओं को कम करने में मदद की है।

### उपलब्धियां

- पश्चिमी क्षेत्र के लिए प्रथम राष्ट्रीय जल संकट पुरस्कार।
- महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रथम जलभूषण एवं जल नायक सम्मान
- संचालन समिति सदस्य – महाराष्ट्र सरकार के "गलमुक्त धरन गलयुक्त शिविर" सदस्य
- विश्व जल परिषद पर्यावरण संरक्षण सम्मान पुरस्कार, आदर्श जलसंवर्धन पुरस्कार, भारत दर्शन राष्ट्रीय महोत्सव, पुणे द्वारा सामाजिक सेवा पुरस्कार 2018 पुरस्कार विजेता
- विश्व जल मंच, ब्राजील और कई अन्य में भाग लिया

**अनिकेत द्वारकादास लोहिया**
मराठवाड़ा के बीड, अंबेजोगाई, महाराष्ट्र



# संक्षिप्त परिचय



Bibuti Deb Berma

*Baramura hill is a tribal dominated area. most of the area are prone to crisis of drinking water. after coming the thermal power plant at Baramua Hills, the scenario has changed. Due to the power plant water of some streams got polluted due to unscientific disposal. Youth for integration trust started works in various hurdles came in the way of implementation. Trust trying to make people aware on water literacy preservation and providing portable drinking water facilities in the remotest village of Tripura. The activity of water conservation has led to benefiting more than 500 Families.*

# Introduction for print

Baramura hill is a tribal dominated area. most of the area are prone to crisis of drinking water. after coming the thermal power plant at Baramua Hills, the scenario has changed. Due to the power plant water of some streams got polluted due to unscientific disposal.

Youth for integration trust started works in various hurdles came in the way of implementation. Trust trying to make people aware on water literacy preservation and providing portable drinking water facilities in the remotest village of Tripura. The activity of water conservation has led to benefiting more than 500 Families.

Activities in the field of Water Awareness:

Baramura hill is a tribal dominated area. Round the year many most areas, specially khamtingbari and its surrounding areas are prone to crisis of drinking water. Moreover, after coming of the thermal power plant at Baramua Hills by ONGC the scenario has changed further. Some natural water bodies and springs were sources of water for the hill dwellers, apart from some hydrants installed by the government. Due to the ONGC power plant water of some streams got polluted due to unscientific disposal of ONGC scraps. In that situation on demand of the local people YFI persuaded ONGC to do something for these people. This way a drinking water project was sanctioned by ONGC CSR Branch, Tripura and YFI has been appointed the Implementing agency. Youth for integration trust started works in various hurdles came in the way of implementation. However, Youth for integration trust managed to surpass those hurdles and the project is in midway of implementation now. We are constantly trying to make people aware on water literacy preservation and providing portable drinking water facilities in the remotest village of Tripura. The activity of water conservation has led to benefiting more than 500 Families

The future plan is to start Campaign on Water Literacy Programmers in the Villages of Tripura

**Bibuti Deb Berma**
President at Youth for Integration Trust






कमला बचाउ अभियान


INTERNATIONAL ENVIRONMENT
WARRIOR AWARDS CEREM
CUM
Date:- 27-28 November 2021



## संक्षिप्त परिचय



श्री बिक्रम यादव

जिसे मिथिलांचल का लाइफ लाइन कहा जाता है। इस कमला नदी की उत्पत्ति नेपाल के सिंधुली जिला के चूरे में हुआ है। जो नेपाल के सिंधुली से होते हुए वर्तमान में बिहार राज्य के मधुबनी, दरभंगा, सहरसा व समस्तीपुर जिले से होते हुए कोशी नदी में जाकर समाप्त हो जाती है। इस नदी से लगभग हजारों हेक्टेयर भूमि बर्बाद हो जाती थी। लेकिन नेपाल और भारत सरकार नदी के दोनो किनारों तटबंध दिया गया। जिससे नदी में आनेवाली बाढ़ की विभीषिकाओं से बचा जा सके।

# देव रूपी कमला

वहीं दूसरी ओर नेपाल में कमला बचाओ अभियान चलाया गया।जिसके संयोजक श्री बिक्रम यादव हैं। बिक्रम यादव इस अभियान के माध्यम से सरकार और समाज दोनो के ध्यान को आकर्षित करते हुए इस नदी को सांस्कृतिक रूप से दिया। जिससे लोगों के बीच कमला नदी के प्रति आस्था जागे। इसको लेकर गंगा नदी के तर्ज पर कमला नदी में भी कमला आरती का आयोजन करवाया गया। जो नेपाल और भारत के मधुबनी जिला अंतर्गत जयनगर और पिपराघाट के नदी तट पर कमला आरती का आयोजन किया गया। जिससे लोगों के मन में कमला नदी के प्रति श्रद्धा भाव प्रकट हुआ और कमला नदी को कमला मैया के रूप के रूपांतरित किया गया।

कमला बचाओ अभियान के संयोजक श्री बिक्रम यादव का मानना है की कमला नदी को मिथिलांचल का गंगा कहा जाता है। इसलिए कमला को मां के रुप में यहां के लोग मानते हैं। उनका कहना है की नदी जो हमे और हमारे समाज को भरण पोषण करता है,वह हमारी माता है और हम उसे अपने मां के रुप में मानते हैं।

वहीं कमला बचाओ अभियान के संयोजक श्री बिक्रम यादव कमला नदी को बचाने के लिए नेपाल सरकार और भारत सरकार के कई पदाधिकारियों के बीच बैठक कर विचार विमर्श करते रहते हैं। जिससे दोनो देशों के सहयोग से कमला नदी को बचाने का हर संभव प्रयास चलता रहे।

विक्रम यादव को कमला नदी पर कई कार्य करने हेतु पुरस्कृत भी किया गया है। जैसे स्वामी विवेकानन्द ग्लोबल अवार्ड, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम नेशनल अवार्ड, अंतरराष्ट्रीय गांधी पर्यावरण योद्धा सम्मान, भारत नेपाल फ्रेंडशिप अवार्ड जैसे  राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय संस्था के तरफ से कई अवार्ड से सम्मानित हुए हैं।

**श्री बिक्रम यादव**
संयोजक, कमला बचाओ अभियान, नेपाल




HONOUR





## संक्षिप्त परिचय



डॉ. बिन्देवर पाठक

सार्वजनिक शौचालय के आधार पर सुरक्षित भौचालय की तकनीक का अविष्कार किया गया और करीबन 70 करोड़ भारतीय आज सड़क, रेल पटरी के किनारे शौच की बजाय सुलभ शौचालय का प्रयोग करते है। महिलाओं को सम्मानजनक शौच ही नहीं देश के तमाम शहरों में स्टेशनों, बस अडडों पर भी इन शौचालयों के निर्माण से वहां स्वच्छता सुनिश्चित की जा सकी है।

# शौचालय तकनीक ने जल संरक्षण का रास्ता तैयार किया

### सुलभ शौचालय से जल संरक्षण

सुलभ शौचालय ने शौच के तौर तरीकों को बदला, स्वच्छता सुनिश्चित की और इसीलिए आज सुलभ तकनीक से करीबन 69 हजार मिलियन पानी बचा रहे हैं जिससे हर साल देश की बड़ी आबादी को पानी मिल सकता है। भारत सरकार द्वारा जो तकनीक इस्तेमाल की जा रही है उससे 4 लाख मिलियन लीटर पानी बचाया जा सकता है जिससे 32 बिलियन से अधिक लोगों को हर साल पानी मुहैया करवाया जा सकता है।

### क्या है सुलभ तकनीक

दो सोख्ता, फ्लश वाटर सील कम्पोस्ट शौचालय का आविष्कार किया। इस तकनीक से पहले गांव में लोग खुले में जाते थे, कस्बों में संपन्न परिवारों के घरों में शौचालय थे और कम मामलों में ही उनके पास सेप्टिक टैंक शौचालय होते थे। सेप्टिक टैंक को शहरी आबादी के 10 प्रतिशत से अधिक ने नहीं अपनाया था, क्योंकि टैंक को स्थापित करने के लिए जगह के एक बड़े क्षेत्र की आवश्यकता थी और निर्माण के लिए बहुत महंगा था। हर बार फ्लश के लिए प्रति व्यक्ति कम से कम 10 लीटर पानी की आवश्यकता होती है। इस प्रणाली में भारी मात्रा में पानी की आवश्यकता थी। सीवरेज सिस्टम को न केवल पर्याप्त मात्रा में बहते पानी की आवश्यकता होती है बल्कि कचरे के निपटान के लिए इसकी नियमित आपूर्ति की भी आवश्यकता होती है।

दो सोख्ता, फ्लश, वाटर सील वाले शौचालय, जिसे सुलभ शौचालय कहा जाता है, इसे उपयोग करने में केवल 1.5 लीटर पानी की जरूरत होती है। इसने न केवल खुले में शौच, छुआछूत को दूर किया, अब तक लाखों गैलन पानी भी बचाया। सुलभ ने अब तक 1.6 मिलियन घरेलू शौचालयों को परिवर्तित और निर्माण किया है, जहां प्रति फ्लश के लिए केवल 1.5 लीटर पानी की आवश्यकता होती है। यदि एक परिवार में 7 व्यक्ति हैं, तो सेप्टिक टैंक प्रणाली की तुलना में प्रति व्यक्ति उपयोग में 59.5 लीटर पानी की बचत होती है। प्रति दिन दो बार फ्लश मानकर एक यूनिट शौचालय से प्रतिदिन 119.0 लीटर पानी की बचत होती है। इस प्रकार 16 लाख शौचालयों से प्रतिदिन 16119 मिलियन लीटर पानी की बचत होती है।

**डॉ बिन्देवर पाठक**
संस्थापक, सुलभ इण्टर नेशनल










जल यात्रा

## संक्षिप्त परिचय



Mr. Bolisetty Satyanarayana

*Noticed within 100 kms the river is polluted with the pollution of acid and chemical industries in Satara district. lot of illegal sand mining and encroachments on the banks of the river in almost all the urban areas. Situation is worst on its tributaries Bhima, Dindi, Musi, Peluru, Munneru, Venna, Koyna, Tungabhadra etc. In Kurnool district the sewer water is flowing directly in to the river and Rayalasema Alkalies industries is drawing water from upstream and releasing the polluted chemical affluents in the same river in the lower stream. In the confluence where Tungabhadra joining Krishna River due to Tungabadra pollution fish is dying and floating in the surface of the river.*

# Introduction for print

Mr. Satyanarayana interacted with the local people, fishermen and wrote to the authorities and published this information through electronic and print media, later the authorities have initiated some action but it is not sufficient. He filed a case in NGT, finally the judgement has come directing the government protect the river ecology in Krishna River, keep the floodplains intact, and do not disturb the rivulets flow or do not straighten the meanders, due to this order of NGT the construction of capital is stalled in eco-sensitive river zone, thus 11 rivulets flowing into the river Krishna are protected to a greater extent.

Fortunately, the Municipal authorities have removed the blockades and the streams were restored... result the reservoir is full of water and we see birds and animals are back again.

In Visakhapatnam, the sea and water bodies are polluted with the Pharma and Pesticide units, inspite of his repeated appeals and representations to the authorities which didn't worked out, he called Dr. Rajendra Singh several times to Visakhapatnam in the last two years and gave joint representations in writing to the district authorities and to the Pollution Control Board, but again no action from the Government, again he had to file case in High Court on this and it is going on. Important thing to notice here is the AP Pollution Control Board has given in writing to High Court in their affidavit that 200 MLD out of 300 MLD sewer in Visakhapatnam Municipal Corporation area is flowing into sea untreated which is a big crime, however, APPCB gave a clean chit certificate that industrial affluents are in permissible

limits, again he is fighting relentlessly to get the published reports to demonstrate the pollution making industries are releasing their untreated chemical pollutants into the sea and other water bodies. National Institute of Oceanography confirming that huge amount of affluents are flowing into the sea accusing lakhs or crores loss to the marine biodiversity and also polluting inland water bodies but the report is kept confidential and Mr Bolisetty is trying to get it through RTI.

**Mr. Bolisetty Satyanarayana**








# आम्ही स्वयंसेवी

९

रविवार, २९ ऑगस्ट २०२१

सकाळ ॲग्रोवन

भिल्लू नाईक तांडा येथील जलसंधारणाचे उपाय.

कलंबर खुर्द शिवारातील सलग समतल चर.

कलंबर नाल्यावरील बंधारा.

कृष्णा जोमेगावकर

## जल प्रदूषण मुक्तीसाठी 'गोदावरी नदी संसद'चा उपक्रम

**नांदेड जिल्ह्यात 'गोदावरी नदी संसद' ही जलसंवर्धन विषयात कार्यरत असणारी स्वयंसेवी संस्था आहे. संस्थेच्या माध्यमातून दुष्काळी गावामध्ये लोकसहभागातून जल, मृदसंधारणाची कामे करण्यात येतात. याचा शेती आणि ग्रामविकासासाठी फायदा झाला आहे.**

दीपक मोरताळे

### गोदावरी नदी शुद्धीकरण मोहीम

### जलसंवर्धन प्रशिक्षण प्रकल्प

लोकसहभागातून तयार झालेले शेततळे.

### लोकसहभागातून जल-मृद्संधारण...

#### दुष्काळी गावांना पाणीपुरवठा

#### भिल्लू नाईक तांड्याची जल श्रीमंती

#### कलंबरला शिवनेरी बंधारे

#### नदी रुंदीकरण

#### दापशेडमध्ये दोन तलाव

#### दत्तमांजरी तलाव दुरुस्ती

#### मातृतीर्थवर पाणी साठवण

- दीपक मोरताळे ९४२२१७४६४७

## संक्षिप्त परिचय



इंजीनियर दीपक लक्ष्मणराव मोर्टाले

महाराष्ट्र के नांदेड में गोदावरी नदी किनारे रहने वाले लक्ष्मणराव जी और इनकी पत्नी माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. सुनंदा ने एक बायोरेमेडिएशन ट्रीटमेंट बनाकर नदी के पानी को स्वच्छ बनाने में सहायता की है। इससे हजारों लोगों को जहां शुद्ध पानी मुहैया करवाया जा सकता है, वहीं देश में लाखों लोगों को शुद्ध पानी मिल सके इसकी राह प्रशस्त की है। आज इनके सॉल्यूशन से करीबन 20 नदियों के प्रदूषण को दूर करने का कार्य किया जा रहा है।

# जल संरक्षण से नदी बायोरेमेडिएशन तक की यात्रा ...

नांदेड़ जिले में शहर में तो पानी है लेकिन शहर से महज 20 किलोमीटर दूर पानी का संकट है और इससे 5 लाख से अधिक लोगों को पलायन करना पड़ता है। करीबन छह महीने ये लोग प्रवास में बिताते हैं। वर्ष 2014 में जलसंकट से उबारने के लिए एक गांव दपशेड को गोद लिया। ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि हम इस जल संरक्षण कार्यक्रम में शामिल होते हैं तो पानी के संकट को हल किया जा सकेगा।

इसके बाद हमने रिज से घाटी तक गांवों का सर्वे किया। कुछ ही महीनों में उस गांव की पूरी तस्वीर बदल गई। इस परियोजना का जो अनुभव मिला, उसी आधार पर हमने अन्य 10 गांवों में जल संरक्षण परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया। इसमें रिदम डिवाइन ग्रुप, माहेश्वरी महिला मंडल, जलनायक बाबूराव केंद्र, नीलेश केदार, जलदूत डॉ. परमेश्वर पॉल, उदय संगारेड्डीकर, मारोती घोरबंद, डॉ राजकुमार मुक्कनवर, सतीश भाले और कई महानुभाव भी हमें सहयोग के लिए आगे आए।

### स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय ने जब लिए 300 गांव गोद...

स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के कुलपति ने हमें विश्वविद्यालय परियोजना के लिए बुलाया। हमारी टीम ने विश्वविद्यालय परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा किया। हमने वीसी को कुछ गांवों को गोद लेने का सुझाव दिया और संबद्ध कॉलेज को जल संरक्षण के लिए कम से कम एक गांव गोद लेने के लिए कहने का आग्रह करने को कहा। प्रक्रिया शुरू हुई और विश्वविद्यालय द्वारा लगभग 300 गांवों को गोद लिया जाएगा। भाग लेने वाले छात्रों को प्रोजेक्ट वाटर संरक्षण प्रशिक्षण और विश्वविद्यालय से प्रमाण पत्र मिलेगा। हमने तुकडोजी महाराज विश्वविद्यालय, नागपुर को भी जल संरक्षण की दिशा में सहायता दी है।

### भगवान दत्तात्रेय, परशुराम की जन्म स्थली, माहूर के जल कुंड हुए पानीदार...

रेणुका, भगवान दत्तात्रेय और भगवान परशुराम की जन्म स्थली, माहूर से नीलेश केदार गुरुजी के निर्देश पर यहां के प्राचीन 108 नष्ट हो चुके कुंड की गाद हटायी और इनमें पानी को दोबारा ला सके। अब हर साल करीबन 175 करोड़ लीटर जल मिलता है, जिससे 60 हजार ग्रामीणों, 30 लाख से अधिक तीर्थयात्री लाभान्वित हो रहे हैं।

### गोदावरी नदी जल प्रदूषण उपाय...

गोदावरी नदी के प्रदूषण से निपटने के लिए मशहूर माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. सुनंदा ने रिसर्च के बाद नदी बायोरेमेडिएशन के लिए माइक्रोबियल बायोसॉल्यूशन, विकसित किया। यह बायोरेमेडिएशन सात पीपीएम तक पानी में घुलित ऑक्सीजन में सुधार करता है। जल जीवन सुधरा तो नांदेड़ वायु गुणवत्ता में भी सुधार दिखा। आज नदी जैव उपचार के रूप में मार्गदर्शन के लिए हमसे संपर्क किया है और आज भारत भर में 20 से अधिक नदियों में इस पर काम शुरू हो गया है। गोदावरी नदी संसद के ब्रांड एंबेसडर नदी जैव उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका में एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

**इंजीनियर दीपक लक्ष्मणराव मोर्टाले**
नांदेड़, महाराष्ट्र,
गोदावरी नदी संसद के संस्थापक





दिल्ली

दिल्ली सरकार 30 से अधिक अस्पतालों का संचालन करती है

पोचनपुर गांव की युवा टोली ने उठाया था बीड़ा, श्रमदान और सरकारी सहयोग से पेश की मिसाल

# तालाब को जिंदा कर जगाई नई आस

बूंद-बूंद से संकट का समाधान



Hindustan Times, New Delhi, Wednesday, October 8, 2008 5

## L-G halts all construction on Yamuna bed

HT Correspondent
New Delhi, October 7

IN A major boost for preservation of the ecology of River Yamuna, Lt Governor Tejendra Khanna has announced that there will be no further construction on the floodplains of the river.

"The floodplains need to be preserved for its valuable and large water yielding capacity and to preserve its ecological integrity and bio-diversity. (Hence) there will be no further construction on the floodplains of Yamuna," Khanna said at a function on Monday.

Ranjan Mukherjee, Officer on Special Duty to Lt Governor, confirmed on Tuesday, "The flood plains would be used for developing a bio-diversity park."

Khanna's announcement is significant as he is also the chairman of Prime Minister appointed Yamuna River Development Authority (YRDA) and had asked the Central Ground Water Board to study the natural water storage and recharge potential of the floodplains.

He had also declared a temporary moratorium (on any construction) and modified the Delhi Master Plan 2021 (MPD 2021) subject to studies going on.

Dr Vikram Soni, a research scientist with the National Physical Laboratory, and Diwan Singh, from Natural Heritage First, an NGO, said in a release, "This is a major decision, which will be a forerunner for river preservation. We need a notification to ensure that this resource remains for the future generations."

The ground water board, in its report to Lt Governor after a six-month study, has found that the yield potential of the floodplains is almost 100 MGD (million gallons per day) employing the present ground reality.

After construction started for the Commonwealth Games Village and Delhi metro, the floodplains were being viewed as huge chunk of land lying waste in the middle of the city.



# वर्षा जल संचयन में जुटे हैं कई भगीरथ

वर्षा जल संचयन







## Villagers, city dwellers join hands to preserve water body in Dwarka

4/6/12

HT Correspondent

We should focus on implementing rain water harvesting plans for developing water. Unfortunately, this is not happening.
VIKRAM SONI
Environmentalist

• More than 150 people from Pochanpur village and Dwarka Sector 23 carried out desilting of the water body on Sunday. HT PHOTO











दिल्ली

दिल्ली सरकार 30 से अधिक अस्पतालों का संचालन करती है

पोचनपुर गांव की युवा टोली ने उठाया था बीड़ा, श्रमदान और सरकारी सहयोग से पेश की मिसाल

तालाब को जिंदा कर जगाई नई आस

## संक्षिप्त परिचय



दिवान सिंह

यमुना खादर मे राष्ट्रमंडल खेल गाँव के निर्माण एवं अन्य विभिन्न निर्माण गतिविधियों से खादर को बचाने के लिए अभियान शुरू किया। यमुना से दिल्ली के लोगों को पानी मिले रिज का जल भण्डार बना रहे सैकड़ों तालाब जीवित हों, इसके लिए सरकारों को चेताया नीति बनवाई खुद कई जल स्रोतों के संरक्षण के लिए समर्पित।

# दिल्ली के दिवान

दिल्ली के पास तीन प्राकृतिक धरोहर है, जो जल संरक्षण मे अति आवश्यक है– यमुना खादर, रिज और तालाब। यमुना खादर मे 60 से 200 मीटर की गहराई तक मोटा रेत है जो अपनी घनता का 40þ तक पानी समा लेता है– एक बेहतरीन प्राकृतिक जल भंडारण । दिल्ली में तालाब/ वेटलैंड की संख्या लगभग 1043 है, जो पूरे शहर में फैली हुए पारंपरिक जल पुनर्भरण संरचनाएं हैं। दिल्ली में रिज वन न केवल देशी जैव विविधता का भंडार हैं, बल्कि साथ ही उस पर पड़ने वाली बारिश के एक बड़े हिस्से को रिचार्ज भी करते हैं। ब्रिटिश सरकार के 1905 के गजटियर के अनुसार दिल्ली के रिज वनों के नीचे का भूजल सबसे अच्छे पानी में से एक है।

2004 में दिवान सिंह ने वसंत विहार – महिपालपुर रिज वनक्षेत्र जिसमे,झीलें रही है और मौसमी धाराएँ निकलती है, उसके बचाव के लिए अभियान को ताकत देने के लिए रिज बचाओ आंदोलन का गठन किया। यूजीसी के वैज्ञानिक प्रोफेसर विक्रम सोनी के साथ टीम बनाई। विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रम किए और सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की। प्रशांत भूषण, संजय पारिख और एमएल लाहौटी जैसे अनुभवी वकीलों द्वारा सहयोग मिला। तीज – आज 690 एकड़ के रिज फॉरेस्ट को अरावली जैव विविधता पार्क, वसंत विहार के रूप में संरक्षित किया गया है। रिज के भूजल की गुणवत्ता परीक्षण से पता चला कि यह पानी बाजार में उपलब्ध किसी भी अन्य अंतरराष्ट्रीय या भारतीय ब्रांड मिनरल बोतलबंद पानी के समान गुणवत्ता का है। इस 690 एकड़ के नीचे से हमे प्रतिदिन 7 लाख लीटर मिनरल पानी निरंतर मिल सकता है, जो 2–3 लाख लोगों की पीने के पानी की जरूरतों की आपूर्ति कर सकता है।

2007 में, दीवान सिंह ने यमुना खादर में राष्ट्रमंडल खेल गाँव के निर्माण एवं अन्य विभिन्न निर्माण गतिविधियों से खादर को बचाने के लिए अभियान शुरू किया । यमुना सत्याग्रह का नेतृत्व श्री राजेन्द्र सिंह ने संभाला। दिल्ली के यमुना खादर से निरंतर 100 एमजीडी पानी की आपूर्ति की जा सकती है और लगभग 20 लाख लोगों की पानी की जरूरतों को पूरा किया जा सकता है।

संरक्षण के प्रयासों में समुदाय को शामिल करने के उद्देश्य से दिवान सिंह ने पड़ोस के तालाबों को पुनर्जीवित करने का आभियान शुरू किया। 2011–12 में उन्होंने दक्षिण पश्चिम दिल्ली के 50 गांवों के जलाशयों का सर्वेक्षण किया। उन्होंने शहरी और ग्रामीण निवासियों के साथ द्वारका क्षेत्र में स्वयं पुनरुद्धार के प्रयास किए। उनके आग्रह पर दिल्ली के उपराज्यपाल ने द्वारका, वाटर बॉडीज़ कमेटी का गठन किया और उन्हें इसके सदस्य के रूप में शामिल किया। इनके तमाम प्रयासों से दो प्रमुख निष्कर्ष सामने आए, जो भविष्य के प्रयासों के लिए अत्यधिक प्रासंगिक हैं। एक–सामुदायिक भागीदारी पर और दूसरा – पारंपरिक बनाम आधुनिक वर्षा जल संचयन पर। एक प्रभावी सामुदायिक भागीदारी के लिए 5 आवश्यकताएं हैं। ये हैं: अथॉरिटी , आवश्यकता, जागरूकता, संगठन और संसाधन। जल संरक्षण में सामुदायिक भागीदारी के लिए रणनीति विकसित करने में यह चेकलिस्ट बहुत मददगार हो सकती है। इस प्रयास से यह भी पता चला कि तालाबों के माध्यम से वर्षा जल संचयन आधुनिक वर्षा जल संचयन प्रणाली की तुलना में अधिक प्रभावी, कुशल, नैतिक, लागत प्रभावी और पर्यावरणीय दृष्टि से कहीं ज्यादा बेहतर है।

**दिवान सिंह**
दिल्ली



EB-Project Nature demonstration on Climate Resilient sustainable agriculture; 2011 - 2020
Soi Village, Lepa Rada District, Arunachal Pradesh



Abandoned irrigation project ; 2012 (due to water shortage)



Farmer pointing to dried up irrigation channel; 2012



Abandoned Wetland Rice field due to water shortage; 2012



Over-flow of water from PHED tank after intervention of EB-Project Nature 2019



Excess water channeslized for irrigation



2020 Abandoned WRC field is revived

## संक्षिप्त परिचय



Egam Basar

*In year 2011, he founded "EgamBasar-Project Natur" which is now popular as 'EB-Project Nature' purely as an individual mission on nature conservation. The intention was to develop a model of spring rejuvenation in Soi Village which was the most vulnerable village in terms of water scarcity as the only spring water source known as "Bolen" was drying up.*

# Brief of work on water conservation

The project started with digging of rainwater harvesting pits of 2 Cubic litres capacity to recharge the springshed area in the year 2011. Simultaneously, prevention of deforestation in the springshed area was taken up. The first result of the project was seen as early as 2014 with thriving back of numerous wild animals in Bolen springshed which was being rejuvenated. The project maintains one plant repository centre, an orchidarium and one Orchid Park inside the springshed forest which is the centre of attraction for the visitors. The springshed forest is now a home to numerous wild animals and birds.

The success of EB-Project Nature was presented at the State Legislative Assembly of Arunachal Pradesh by Integrated Mountain Initiative in 2018, in a Legislator's Dialogue of lawmakers. The impact of this dialogue led to the Government of Arunachal Pradesh providing Rs. 5 crore.

**Impact of water conservation:**

Along with the water conservation, other key activities of the project is preservation of bio-diversity under which more than 70 species of rare and endangered orchids and above 30 species of rare and endangered medicinal trees and herbs have been conserved. The project maintains one plant repository centre, an orchidarium and one Orchid Park inside the springshed forest which is the centre of attraction for the visitors. The springshed forest is now a home to numerous wild animals and birds. The project has inspired other villages of Basar to take up springshed rejuvenation activities and under the aegis of a local NGO known as GRK, 34 villagesaretrying to replicate the model in their own ways. The project has also inspired other communities of the state to take up similar springshed re-juvenation activities such as a NABARD funded project in Joram village of Papum Pare District and another in Kanubari of Longding District initiated by Hon'ble MLA of Kanubar

**Egam Basar**
Arunachal Pradesh













# Water access in distress step by step, wells....

## संक्षिप्त परिचय



Ms Hari Chandana Dasari IAS

*Narayanpet district Owing to its unique geology & historical scarcity of water possesses over 197 historic step wells. Over time these structures have fallen into disrepair & are disappearing. This "step well revival" project seeks to bring back the traditional connect people had with water systems by linking it to their current cultural practices. The initiative devises a unique 'Community Centric Integrated Approach of Conservation' to holistically revive age old natural water systems.*

Narayanpet district Owing to its unique geology & historical scarcity of water possesses over 197 historic step wells. Over time these structures have fallen into disrepair & are disappearing. This "step well revival" project seeks to bring back the traditional connect people had with water systems by linking it to their current cultural practices. The initiative devises a unique 'Community Centric Integrated Approach of Conservation' to holistically revive age old natural water systems. The approach is to link cultural/religious connect with water systems to sustain & preserve them. It is based on the premise that when a community is invested in their natural resource management they tend to sustain the system & protect it. Step wells were identified and revived in the district with various conservation architects & they were made cultural centers for celebration of festivals, family ceremonies etc by involving the community living around these structures. Though traditional importance as water usage structures has diminished they have found new usage as cultural, religious center points today with this initiative.

Need for the project A survey was conducted by the district administration with the rainwater project team and around 45 visible step wells were identified. Later using GIS mapping 197 step wells were traced out throughout the district.

This community led initiative not only made the communities aware of the importance of water body preservation it also taught them to proactively participate in protection efforts, culturally link water resources & make them invested in the continued survival of water bodies. This in turn pressurized Govt bodies to proactively take up conservation & restoration efforts as demanded by public. By adopting these strategies sustainability of the practice & water body is ensured even when the Govt authorities are not watchful. The launch of this community driven step well conservation resulted in the GIS mapping of 197 step-wells, their entry in govt records, & detailed restoration plans drawn up for them. Collaboratively restoration architects, water conservation groups like the rain water project, AKARMA etc came forward to establish cultural connect of the community with their water resources. Many festivals like bathukamma, vaikunta ekadashi, sankranthi, kathika pournani began to be celebrated with step wells being the center points of celebrations.

**Ms Hari Chandana Dasari IAS**
DM Narayanpet













## संक्षिप्त परिचय



जयेश जोशी

राजस्थान के बांसवाड़ा में आदिवासियों के बीच काम कर रहे हैं। घड़े से पेड़ों की सिंचाई, घेर पद्धति से लेकर आपने मनरेगा से वर्षा जल संरक्षण के महत्त्वपूर्ण कार्य किए हैं। सबसे अहम है कि आदिवासियों को मनरेगा के प्रति जागरूक किया, जिससे न सिर्फ उन्हें जल संरक्षण के कार्य के लिए प्रेरित किया उनकी आय में भी वृद्धि हुई। अब सरकार से अपेक्षा है कि नहरों के मरम्मत कार्यों को किया जाए, गांव–गांव तक पेयजल पहुंचे और लोगों की आय बढ़े।

# आदिवासियों के बीच पेड़ सींचने के लिए बनाए घेर...

आदिवासी समुदाय द्वारा गर्मी के मौसम में खेती करके लिए नमी बनाए रखने के लिए नवीन तंत्र विकसित किए गए। वागधारा द्वारा मनरेगा के जरिए पहाड़ी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ट्रेंच का निर्माण किया गया और फिर ढलान वाली कृषि भूमि प्रौद्योगिकी को भी क्रियान्वित किया गया। इस कला से पहले भी पहाड़ी क्षेत्रों में खेती की जाती थी लेकिन अधिक कुशल कृषि पद्धतियों के लिए प्रयास किए गए।

**मनरेगा से वर्षा जल धारण को दिया बढ़ावा...**

मिट्टी को कटाव से बचाने के लिए बांध बनाए और नाइट्रोजन फिक्सिंग के लिए अरंडी, सुबाबुल और सहजन जैसे पौधे बांध पर लगाए, जिनसे घर के लिए धन, जानवरों के लिए चारा और लकड़ी मिली। लगभग 1000 छोटे और सीमांत किसान की आय में वृद्धि हुई, उनके खर्च भी कम किए। नवीन तकनीक अपनायी और लगभग 400 छोटे और सीमांत किसान को मिनी स्प्रिंकलर तकनीक के जरिए खेती से जोड़ा। यहां पहली बार गर्मी के मौसम में हरे चने की खेती हुई और जिससे हर परिवार को 15 से 20 हजार रूपए की अतिरिक्त कमाई हो सकी।

करीबन 4500 आदिवासी परिवार को मनरेगा के तहत आवेदन करने, उनके अधिकार का उपयोग करने में मदद की और मेड़ बंदी, भूमि समतलन और पशु आय के दृष्टिकोण का उपयोग करके भूमि और पशु के आजीविका संसाधन आधार में सुधार किया। वर्षा जल धारण करने के लिए छोटी संरचनाओं का निर्माण किया। जल स्रोतों को रिचार्ज करके कुएं का जल स्तर बढ़ाया। समूह कुंओं से ग्रामवासी समूह में कुओं का उपयोग करते हैं, जिससे सभी ग्रामवासियों द्वारा अधिकतम लाभ लिया जा रहा है।

**सामुदायिक और कृषि तालाब...**

ग्राम स्तर पर जल संरक्षण के लिए सभी के लिए एक सांझा स्रोत विकसित किया गया, जिससे किसान अधिक व्यक्तिगत प्रयासों के लिए ,खेती में वर्षा जल संरक्षण करने लगे। साथ ही ट्रेंच निर्माण कर लोगों को पानी प्रवाह की बजाय बचाने और गांव स्तर पर पानी रखने में मदद करती है। स्थानीय जैव विविधता और वनस्पति को लोगों ने अपनाया और जल संरक्षण के साथ–साथ भूजल को रिचार्ज करने के लिए पूरे तंत्र को जीवंत कर रहे हैं।

**सरकार से जल संरक्षण के लिए अपेक्षा...**

वागड के अधिकांश गांव को कवर करते हुए नई नहर और वितरिकाओं के लगभग 50 किलोमीटर नेटवर्क के निर्माण द्वारा बाहर निकलने वाली नहरों की मरम्मत के लिए 2000 करोड़ रुपये के निवेश योजना की प्रतिबद्धता जताई।

**राज्य, प्रशासन एवं समाज ने दिया सम्मान...**

जिला स्तर पर उल्लेखनीय कार्य – जिला कलेक्टर द्वारा–2008
एक्रेडिएटेड विद यूएन– यूएन ईसीओसीओसी– 2011
सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिऐशन–राजस्थान सरकार की स्टेट ब्लड ट्रांस्फ्यूजन काउॅसिल द्वारा–204

**जयेश जोशी**
राजस्थान के बांसवाड़ा के गांव–कुपड़ा निवासी
एनजीओ – गैर सरकारी संगठन–वागधारा के सचिव पद पर हैं


MAKANDAR
SAMVIDHAN BACHAO ANDOLAN BIJAPUR







## संक्षिप्त परिचय



मनोहर मानव

आप वसुधैव कुटुंबकम के विचार को केंद्र में रखते हुए एक पर्यावरण प्रेमी, जल प्रहरी, तथा आध्यात्मिक, सामाजिक एवं मानवाधिकार संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के संवाहक हैं।

# विश्व युद्ध टालने की पहल है जल संरक्षण

उपरोक्त ध्येय वाक्य के आधार पर आप जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, जो जल के लिए होने वाले संभावित विश्व युद्ध की विभीषिका को टालने में उत्कृष्ट पहल के रूप में माना जाएगा।

आप भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप परंपरागत वर्षा जल संवर्धन, टपकन कृषि, पोखर, आहर,पईन के साथ–साथ जल का व्यक्तिगत और सामूहिक बेहतर तरीके से उपयोग तथा जल को कल के लिए संरक्षण के महत्व जैसे विषयों पर समाज को प्रेरित कर रहे हैं।

बिहार प्रदेश के 38 जिलों में जनपक्षीय संवाद के माध्यम से पर्यावरणीय चेतना को जगाने हेतु पदयात्रा, संवाद यात्रा पौधा रोपण– वितरण तथा जल संरक्षण, सोख्ता निर्माण, तालाब तथा नदी पुनर्जीवन के क्षेत्र में आप निरंतर कार्यरत हैं।

बिहार में राज तथा समाज के बीच संवाद करके आपके द्वारा "जल जीवन हरियाली" जैसे व्यापक जन पक्षीय मुद्दे पर संपूर्ण समाज का रचनात्मक ध्यान आकृष्ट कराने की अतुलनीय कोशिश हो रही है।

आपके अपने प्रदेश के साथ–साथ देश भर के पर्यावरण प्रेमियों तथा नदी प्रहरियों के साथ आपका समन्वयन होने के कारण इन क्षेत्रों में बेहतर अनुभवों का आदान–प्रदान हो रहा है।

आप आदर्श लोक कल्याण संस्थान के अध्यक्ष तथा इंडियन हिमालय रिवर वेसिन काउंसिल, बिहार के अध्यक्ष के रूप में जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं।

अस्तु हमारी सम्मान समिति आप को जल प्रहरी सम्मान से सम्मानित करने में अत्यंत प्रसन्नता महसूस कर रही है।

**मनोहर मानव**
छपरा, बिहार






शास.प्राथमिक शाला
आजनगांव
शोष खड्डा




शोष खड्डा



## संक्षिप्त परिचय



नीरज वानखेड़े

मध्य प्रदेश के कई गांव में जलस्तर 700 फीट से 1000 फीट तक पहुंच गया है। इस दर्द को समझा और दुकान की देखभाल पत्नी रंजना नीरज वानखेड़े को सौंपी और खुद अपने जल साथियों, सहेलियों के साथ गांव–गांव जाकर जल संरक्षण शुरू कर दिया। उन्होने महाराष्ट्र के पानी फाउंडेशन के सहयोग से तकनीकी प्रशिक्षण लिया और अब पूर्ण रूप से विकसित जल संरक्षण एवं संचय का अभियान चला रहे हैं।

# तकनीकी ज्ञान के साथ जल संरक्षण

### छिंदवाडा के कई गांव में एक हजार फीट तक पहुंचा पानी

मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के पांढुर्णा तहसील में जल संकट का भयावह रूप होता जा रहा था। यहां कई गांव में जलस्तर 700 फीट से 1000 फीट तक पहुंचा है। अधिकार क्षेत्रो में पानी की सप्लाई टैंकरों द्वारा हो रही है। महाराष्ट्र के पानी फाउंडेशन के सहयोग से तकनीकी प्रशिक्षण लिया और फिर जागरूकता मुहिम के साथ–साथ पूर्ण रूप से विकसित जल संरक्षण एवं संचय अभियान भ्गुरू कर दिया।

नीरज बताते हैं कि आमिर खान द्वारा संचालित पानी फाउंडेशन केवल महाराष्ट्र के लोगों को ही प्रशिक्षण देती है और ये महाराष्ट्र से थे ही नहीं , तो उन्होंने अपने और अपने तीन साथियों का पंजीकरण महाराष्ट्र के एक गांव् के नाम से करवा दिया। परन्तु प्रशिक्षण के अंतिम दिन में उन्होंने संस्था को अपना सत्य बता दिया । सभी ने उनकी प्रशंसा एवं सराहना की और भविष्य की शुभकामना दी। नीरज अब पांढुर्णा क्षेत्र में श्रद्धा सबुरी समाज सेवी संस्था चलाते हैं।

### शुरूआत रही कठिन, हर मोड़ पर बांधी आस

पानी एवं पर्यावरण के संरक्षण के लिए सोक पिट बनाने एवं बोर रिचार्ज, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, नदी, सफाई स्टॉप, डेम सफाई, डीप सीसीटी, तालाब पुराने बावली की सफाई एवं संरक्षित करने के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। यह सफर आसान नहीं था, कठिन दौर में उन्होंने आस नहीं छोड़ी, जो सदस्य उनके साथ शुरुआती दौर से जुड़े थे, वे राजनीतिक कारणों से अलग हो गए, परंतु नीरज ने समाज के लिए जल बचाने का कार्य बंद नहीं किया और आज नीरज के पास 45 लोगों का एक समूह है जिसमें महिलाओं की बराबर की भागीदारी है और यह समूह हर क्षेत्र में सहायता करता है जिस जगह पर काम करते, वहां के लोगों को भी उनके इस सकारात्मक पहल से बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते है, आज तक इस पहल के चलते अनेकों सोक पीट गड्ढे एवं बोर रिचार्ज एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग और नदी की सफाई का काम किया और यह काम पिछले कई वर्षो से लगातार करते आ रहे हैं ।

### संतरों के पेड़ सूखे, टैंकर ने इंतजार से शुरू किया अभियान

बोर सिस्टम वर्षा जल द्वारा भूजल पुनर्भरण का वैज्ञानिक तरीका है जिसे आज देशभर में भूजल स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रयोग में लाया जा रहा है। जाम नदी की सफाई करवायी। पांढुर्ना के कई इलाकों में हर किसी के खेतो में संतरे के पेड़ होते हैं परन्तु पानी की कमी के कारण सभी सूखते जा रहे थे। लोगों को थोड़े से पानी के लिए रात रात भर जागकर पानी टैंकर का इंतजार करना पड़ता था । इसी समस्या ने उन्हें इस क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### सम्मान राशि भी अभियान को समर्पित

नीरज सभी को यह संदेश देते हैं कि हम जल बना नहीं सकते परंतु बचा अवश्य सकते हैं। आज नीरज अनेक लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। नीरज वानखेड़े की प्रतिबद्धता इस हद तक है कि जब इन्हें जलशक्ति मंत्रालय की ओर से वाटर हीरो अवार्ड से नवाजा गया तो उन्होंने इस पुरस्कार की राशि का प्रयोग लाउडस्पीकर एवं साउंड मशीन खरीदने हेतु किया। जिससे ये लोगों को जल संरक्षण हेतु इकठा कर सकें।

**नीरज वानखेड़े**
पांढुर्णा तहसील, छिंदवाड़ा जिला मध्यप्रदेश









## संक्षिप्त परिचय



पंकज तिवारी

वैदिक काल से जल संरक्षण, शुद्धिकरण की तकनीक का उल्लेख है और एक रेल यात्रा में विद्वानों ने जब राह दिखाई तो वर्ष 2002 –03 में वर्षाजल शुद्धिकरण पर उपकरण बनाना शुरू कर दिया। अब तक करीबन 15 करोड़ लीटर का संचयन किया जा सका है।

# विकसित उपकरणों से वर्षा व प्रदूषित पानी बना पीने लायक

### दो दशक पहले शुरू हुआ सफर

जल संरक्षण, शुद्धिकरण में जिज्ञासा दूर करने के लिए वर्ष 2002 –03 में वर्षाजल शुद्धिकरण पर उपकरण बनाना शुरू किया। चूंकि बरसात से ही पानी आसानी से मिल सकता है इसीलिए प्राचीनकाल के तौर तरीकों का अध्ययन किया और शंकराचार्य जी द्वारा दीर्घ मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। आधुनिक काल में वर्षाजल का प्रदूषण स्तर और उपयोगिता भिन्न थी, अतः आज उपयोग हो सके ऐसी सरल तकनीक के विकास पर ध्यान केंद्रित किया। कुछ उपकरणों से जब वर्षाजल के पहले व बाद के नमूने जांच करवाए तो यह प्रणाली विकसित करनी चाहिए आखिर इसमें सफलता मिली।

### वैदिक काल की तकनीक आज के संदर्भ में हुई विकसित

वैदिक काल में प्रयुक्त तकनीक को आज के सन्दर्भ में विकसित किया। मैंने पाया कि संचयन के लिए सबसे बेहतर और बड़ा तंत्र बोरवेल लगभग हर जगह मौजूद है, और उनका जलस्तर बुरी तरह दोहित हो रहा है। नियंत्रित दबाव से सीधे वर्षा जल को गुरुत्वाकर्षण के आधार पर ही छत से शुद्धिकृत करते हुए बोरवेल में पुनर्भरण करने का उपकरण विकसित किया। पूर्णतः प्राकृतिक, बगैर किसी पिट या तोडफ़ोड़ के घर, विशाल भवन सभी स्थानों के लिए उपयोगी है।

### डिजाइन पेटेंट हो चुका है

जिसका डिज़ाइन पेटेंट हो चुका है, शासन द्वारा मान्य प्रयोगशाला में जलशुद्धता की जांच भी हुई है। परिणाम दिखाता है कि वर्षाजल पीने योग्य जल में परिवर्तित हुआ है। इसके साथ ही मैंने दूषित जल (ग्रे वाटर) की शुद्धता की आसान प्रणाली विकसित की है जिसका प्रयोग छोटे उपकरण के माध्यम से घरों में भी किया जा सकता है, मेरे उपकरण को वैज्ञानिक आधार पर, कीमत, स्थान की आवश्यकता, प्रयोग में सरलता को ध्यान में रखते हुए विकसित किया है। भारतीय यात्रा एवं पर्यटन प्रबंध संस्थान, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, मध्यप्रदेश शासन के लगभग समस्त विभागों के अनेक कार्यालय, एमपी बिड़ला ग्रुप, एसीपीएल ग्रुप आगरा सहित सैकड़ों निजी एवं शासकीय संस्थानों में ये उपकरण लगाए हैं। जो बोरवेल सूख चुके हैं, जल स्तर कम हो गया है उनको शत–प्रतिशत पुनर्भरित करके उपयोगी बनाया है।

**पंकज तिवारी**
ग्वालियर













# चाल, खाल वीरो सीमेंट पानी की ढाल

## संक्षिप्त परिचय



प्रकाश सिंह

रूद्रप्रयाग जिले में हर साल 1500 मिलीमीटर पानी बरसता है लेकिन 90 प्रतिशत पानी बह जाता है और ग्रामीण पहाड़ी इलाकों में पानी की किल्लत होती है। इसे देखते हुए सामाजिक भागीदारी के साथ ऐसे प्रयास किए, जिससे पूरे साल पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। 30 गांवों में पेयजल, सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है।

### चुनौतियां

लोकल एग्रो इकोलॉजी, वन्य जीवों की मौजूदगी, बायो डाइवर्सिटी कन्जरवेशन और लो लैंड में सीज चुनौती बनकर सामने आए लेकिन सामूहिक कियाकलापों से श्रमदान करवाकर जल स्रोतों को पुनर्जीवित किया और उन्हें आधुनिक बनाकर तैयार किया। यह अभियान जारी है इसीलिए जल संवर्धन के लिए जल आंदोलन 40 स्ट्रक्चर 35 गांव में बनाने में सफल हुए।

जल संवर्धन को सूत्र वाक्य बनाते हुए तय किया कि पहले जल बचाओ फिर गांव में घर–घर तक पहुंचाओ और यह वास्तव में आसान नहीं था। पानी के प्राकृतिक स्रोतों को साफ किया जाए फिर उसके बाद उस पानी को जन–जन तक पहुंचाया जाए। पहाड़ों में चूंकि अधिकांश लोग प्राकृतिक चश्मों, झरनों के पानी पर निर्भर होते हैं इसलिए समाज को यह बताना जरूरी है कि वह अपने इन जल स्रोतों को न सिर्फ जिंदा रखें उन्हें समय–सयम पर साफ करें, जल दार बने रहे इसके लिए इनकी रक्षा भी करें। इन जल स्रोतों को मेंटीनेंस की भी जरूरत होती है और इसके लिए भी स्थानीय स्तर पर लोगों को तैयार किया। दूर दराज के गांवों को पाइप लाइन के जरिए पानी मुहैया करवाया। करीबन 35 गांव, हेमलेटस को 10 मीटर पर पानी मिला जहां पर लोगों को तीन–तीन किलोमीटर तक चल कर पानी लाना पड़ता था। जल स्रोतों की सफाई का अभियान अब हर महीने चलाया जाता है ताकि हर गांव का स्रोत कम से कम तीन माह में एक बार जरूर साफ हो जाए और निर्बाध स्वच्छ पानी मिलता रहे। यह प्रक्रिया 35 गांवों में लगातार जारी है। पहाड़ों के लिए विशेष फेरो सीमेंट तकनीक के जरिए कम लागत में दूर दराज के गांवों में जल संरक्षण व संवर्धन का कार्य संभव हो सका है और आज यह करीबन 41 गांवों में चल रही है। टैंक पानी के भंडारण में सहायता करते हैं और इससे संवर्धन संभव हो पाता है। इसके बाद लोागें को यह पानी मुहैया होता है। इस प्रक्रिया में महिलाओं को सबसे ज्यादा राहत दी है क्योंकि ये महिलाएं एक से दो किलोमीटर चलकर पानी लेने जाती थीं। ग्रामवासियों को हरियाली के प्रति, पेड़ों को बचाने के प्रति भी जागरूक किया और परिणामस्वरूप 35 गांवों में प्लांटेशन किया गया जिससे पांच हजार हेक्टेयर वाले वन क्षेत्र को भी हरित बनाया जा सका है।

रूद्रप्रयाग और टिहरी के करीबन 35 गांवों के छह हजार लोगों को लाभ हुआ है। पर्यावरण में सुधार हुआ, ग्रामवासियों को जलसंवर्धन के साथ साथ आसपास में हरित इलाका विकसित हुआ, बायोडाइवर्सिटी में भी सुधार हुआ है। करीबन 13 गांव में जल सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी है वहीं 22 गांवों, मोहल्लों में पानी की उपलब्धता 20 मीटर पर हो गई है। कई गांव ऐसे हैं जहां के मॉडल देखने के लिए लोग दूर से पहुंचते हैं। खाल के जरिए 60 और गांवों में मनरेगा व सरकारी योजनाओं के कार्य चल रहे हैं और 35 फेरो सीमेंट टैंक पूरे जिले में बनाए जा रहे हैं।

ग्रामीण इलाकों में 34 लाख से अधिक सरकारी योजनाओं के जरिए डवलपमेंट इन्वेस्टमेंट आया जिससे ग्रामवासियों का आर्थिक उन्नयन भी हुआ। यहां करीबन 430 परिवार ऐसे हैं जिन्होने छोटे न्यूट्रीशन गार्डन बनाए जहां वे ताजी सब्जियां उगा रहे हैं। दो फसलों को उगाकर किसान भी समृद्ध हो रहे हैं। चाल खाल बनाने के बाद जंगली जानवरों के हमलों में भी कमी आई है। पूरे इलाके में आर्थिक प्रगति होने से लोगों की खुशहाली बढ़ी है।

**प्रकाश सिंह**
रूद्रप्रयाग, उत्तराखंड


CLEAN-WATER


BEFORE
AFTER




FLOATING ISLANDS
CLEAN - WATER






I ♥ INDORE



## संक्षिप्त परिचय



प्रियांशू कुमठ

जल निकायों को बहाल करने के क्षेत्र में काम कर रहे स्वच्छ–जल के संस्थापक सीईओ प्रियांशु कुमाथ आईआईटी बॉम्बे के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने अपनी भारी भरकम सेलरी वाली नौकरी छोड़ दी और जल की कमी, जल प्रदूषण की समस्याओं को हल करने के लिए स्वच्छ–जल की शुरुआत की। उन्होंने कई वॉटर बॉडीस को बहाल करने के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और समय के साथ फ्लोटिंग आइलैंड्स विकसित उत्पादों की स्थापना की सेवाएं देकर शुरुआत की।

# एक तालाब की गंदगी से जन्मा आडिया

### नालंदा सरोवर की गंदगी जब देखी

इन्दौर के मुसाखेड़ी पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज का तालाब, नालंदा सरोवर, पॉली पॉन्ड तालाब है, इसमें परेशानी ये थी कि जो भी कचरा, पत्ती गिरते तो वह उसमें सड़ते रहते, जिससे पानी खराब हो जाता है। जांच की तो पता चला कि पानी में न्यूटरेंट्स बहुत हैं और इस पानी में न्यूटरेंट्स निकाले और फ्लोटिंग वेटलैंड्स लगाए और यह फ्लोटिंग वेटलैंड्स न सिर्फ पानी को साफ करते हैं, जलीय जीवों को भी जीवन देते हैं। मछलियों को इनके नीचे रहते हुए आश्रय मिलता है, छांव में वह रह सकती हैं, खाना मिलता है। इंदौर के तालाब में जब ये आइलैंड्स लगाए तो उसके परिणाम आए और जो पानी सड़ांध मार रहा था उसमें कुछ ही दिन बाद बदलाव आ गया। पानी की सड़ांध खत्म हो गई, देखने में रंग सुंदर हो गया, उसकी इको बायोडाइवर्सिटी भी बेहतर हो गई।

### फ्लोटिंग वेटलैंड्स के वेरिएंट्स

फ्लोटिंग वेटलैंड्स के 15 से अधिक वेरिएंट–अलग साइज, लकड़ी, लोहे के बनाए हैं। इन आइलैंड्स के उत्पादन को बढाया जाए तो अधिक से अधिक जल स्रोतों को बचाया जा सकता है। अगर जल स्रोत में गंदगी नहीं होगी, आकर्षक होगा तो लोग पहुंचेंगे और जब उसकी इकोबायोडाइवर्सिटी अच्छी होगी तो जल उपयोगी बनाया जा सकेगा। यह प्रयोग सफल रहा है और इंदौर की सरस्वती, अहमदाबाद की साबरमती में भी ये फ्लोटिंग वेटलैंड्स लगाए हैं उनके परिणाम भी अच्छे आ रहे हैं। इसके अलावा बायो फिल्टर भी बनाया, जो कि पानी की स्वच्छता सुनिश्चित करता है।

### कैसे बने वाटर हीरो

हाल ही में अपनी शादी के अवसर पर, महत्वहीन चीजों पर अनावश्यक खर्च करने के बजाय, उन्होंने शादी पर अपने परिवार और दोस्तों से तीन लाख रुपए जुटाए और इंदौर की पिपलियाहाना झील को बहाल करने की दिशा में काम शुरू कर दिया। इस पहल के लिए उन्हें जल शक्ति से "वाटर हीरो" का पुरस्कार मिला और साथ ही 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार भी मिला।

### झील बदली तो बदल गया एक पहल से समूचा वातावरण

यदि कोई जल–निकाय प्रदूषित हो जाता है तो पूरी सोसायटी और शहर के सभी निवासी प्रभावित होते हैं। जल स्रोतों में अगर गंदगी नजर आएगी, उसका पानी गंदा, बदबूदार होगा, जहरीला होगा तो वह आसपास के जल स्रोतों को भी खराब करेगा। उसका जीर्णोद्धार होने के बाद समूचे शहर को जीवन मिलता हैं। शैवाल अब झील पर नहीं बनते हैं और इस प्रकार जलीय जीवन को भी मदद कर रहे हैं। जलाशय के आसपास का भूजल अब प्रदूषित नहीं हो रहा है। जल–निकाय से कम मीथेन (ग्रीनहाउस गैस) बन रही हैं। झील भी अब सुंदर हो गई है और लोग अब झील में मनोरंजन का समय बिताते हैं। झील अब पारिस्थितिकी और जैव विविधता की बहाली के लिए एक आवास बन गई है। इसके अलावा यह लोगों में जागरूकता बढ़ा रहा है और इस प्रकार अन्य जल निकायों के प्रति अधिक जागरूक कर रहे हैं कि सभी तालाब, झील स्वस्थ, पानीदार बने रहें।

**प्रियांशू कुमठ**
संस्थापक स्वच्छ–जल
मुंबई आईआईटी के पूर्व छात्र





## संक्षिप्त परिचय



Er. R. Cheluvaraju

*Er. R. Cheluvaraju, Chief Engineer (Rtd) was involved in various capacities in water resource development, utilisation and management in Karnataka. Upper Bhadra Project is one of the prestigious irrigation projects of Karnataka with which he was actively involved at various stages. He has seen the ups and downs in the progress of the project. The project provides irrigation to a large tract of draught prone area of the State. The project envisages providing irrigation facility to an area of 2.25 lakh hactares in central part of Karnataka. The speciality of this project is, it is a micro irrigation project.*

# Micro irrigation aims to save water, improve land & water management & agricultural production.

Project component consists of open canal with concrete lining, distribution system with piped network. Due to lining percolation of water is avoided, percolation and evaporation losses are minimised by providing piped distribution network. The project proposes to fill 367 tanks to 50% capacity to recharge ground water. Construction of under water recharge structures are also taken up above and surrounding. These include recharge bore wells, recharge wells, farm ponds, check dams, water pools (along inlet of existing tanks) to improve underground water. This will enhance over all water conservation.

Many barrages are also constructed across Vedavathi River and its tributaries to improve ground water table. There will be overall improvement in the underground water table. The important aspect of the project is participation of the project beneficiaries. Water user cooperative societies are formed for effective use of water. All these activities have improved overall water security of the region. There is a new hope among the populace in the region which has suffered draught and distress in the past.

Thus, Er. R. Cheluvaraju, Chief Engineer (Rtd), as an engineer is involved in various capacities in progress of the project and improving the overall water security in the region. Farmer beneficiaries recall many of the critical situation which the engineers faced during progress of this project and how Er. Cheluvaraju successfully handled them. He has mentored several young engineers in technical and social aspects. In the post retirement period he is actively involved in various committees of Government of Karnataka and guiding the development of water resources project. As an expert and experienced engineer he is involved in capacity building of younger generation of engineers and shares his valuable experiences in various technical aspects of irrigation management.

**Er. R. Cheluvaraju**
Chief Engineer (Rtd),
Water Resources Department, Karnataka




2020


2021


Before


After


CLEANER, GODLIER


# 2 tonnes plastic cleared from Noyyal after 'Aadi Perukku'

LAKSHMI L LUND | DC
COIMBATORE, AUG 5

Shortly after 'Aadi Perukku' festival on Friday, when hundreds of devotees had thronged the Noyyal river in Perur and made offerings to the water body as per traditional customs, a city-based NGO cleaned up the mess left behind by the festivities on Saturday and Sunday.

The NGO, 'Kovai Kulangal Padhukaapu Amaippu' took note that the river was polluted and without wasting any time swung into action to clean the water body today. As many as 50 volun- ...em even left food items in the area that surrounds the water body and also along the flight of stairs that ends ... performing rituals, besides two tonnes of leftover food. Another set of volunteers revisited the same location

Kovai Kulangal Padhukaapu Amaippu volunteers clean the Noyyal river at Perur. —DC


# Coimbatoreans embrace alternatives to plastics


TIMES CITY

# Ancient well yet to reveal secrets of Madurai Nayak dynasty


CITY LIGHTS

CLEAN DRIVE: With awareness growing on conservation of water bodies, there is a heightened sense of activism among the residents of the city. On Sunday, yet another group of residents joined hands to clean Muthanankulam lake


# Giving lakes in the city a new lease of life








## संक्षिप्त परिचय



Shri Manikandan

*recipient of the Jal Shakthi Water Warrior Award for South Zone in 2019, Magnanimously Contributed the price amount of Rs.2 Lakhs for an afforestation project at Perur lake for 2000 native trees. " Planting trees can be effective in keeping the water bodies as sediment free as possible" taking this into account, more than 12000 saplings have been planted and taken care of in the banks of the ponds*

# Kovai Kulangal Padhukappu Amaippu

In the year 2017, when the once bountiful water bodies in the city of Coimbatore faced severe drought, Shri Manikandan and a group of common & environmentally-conscious people joined hands to form the "Kovai Kulangal Padhukappu Amaippu". Using this human workforce, every Sunday a bunch of 50 to 500 people gathered on field and have removed 150 tonnes of plastic wastes from the waterbodies. The organization has also desilted water channels, which has contributed towards the increase in water table of 3 large ponds and 5 small ponds in the city.

Shri Manikandan a recipient of the Jal Shakthi Water Warrior Award for South Zone in 2019, Magnanimously Contributed the price amount of Rs.2 Lakhs for an afforestation project at Perur lake for 2000 native trees. " Planting trees can be effective in keeping the water bodies as sediment free as possible" taking this into account, more than 12000 saplings have been planted and taken care of in the banks of the ponds, which in turn has resulted in improvement of biodiversity in the region. This initiative is a common interest of people with no much financial background.

All they share is the concern and devotion towards the environment where they live in. Apart from the COVID days, we continued to do our fieldwork for 227 weeks. So far 50,000 volunteers have been a part of this organisation. It will continue to raise awareness and contribute to the protection and enhancement of mother earth. Thank you!

**Shri Manikandan**
Coimbatore







## संक्षिप्त परिचय



राहुल कुमार पटेल

किसान, गेहूं की फसल पर निर्भर रहते हैं। लेकिन पानी की कमी के चलते परेशान होते। पॉली पॉन्ड बनाए जाने के बाद लाभ मिला और अब खेती के साथ मछली पालन कर रहे हैं। इससे आजीविका भी सुधरी, स्थानीय स्तर पर रोजगार भी लोगों को मिल रहा है।

# पॉली पॉन्ड से बदल रही है खेती, मछली पालन की तस्वीर

सीहोर जिले के अधिकांश इलाकों में मुख्य रूप से रबी सीजन में गेहूं की खेती होती है। सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में जल की कमी बनी रहती थी और हम सिंचाई के लिए वर्षा जल पर ही निर्भर थे। अधिकतर वर्षा जल की कमी या सूखे की स्थिति में गेंहू का उत्पादन नहीं होता था। इस समस्या के समाधान के लिए हमने एक प्रयोग किया। वर्षा जल को संरक्षित करने के लिए एक प्लास्टिक लाइनिंग ऑफ फार्म पॉण्ड, पॉली पॉन्ड, तालाब का निर्माण करवाया। करीबन 2642 वर्ग मीटर में इसका निर्माण करवाया। फलस्वरूप फसल उत्पादन में वृद्धि हुई तथा वर्षा पर हमारी निर्भरता कम हुई और वर्षा के जल संरक्षण से सिंचाई के साथ मछली पालन की योजना भी चलने लगीं।

जल संरक्षण के द्वारा एक व्यक्ति नहीं परन्तु एक परिवार का जीवन निर्भर रहता है, क्योंकि खेती के लिए जल की उपलब्धता बहुत जरूरी है और जल संरक्षण द्वारा उसकी पूर्ति की जा सकती हैं। फसल उत्पादन और गांव में ही नए रोजगार सृजित कर सकते हे और उस से जुड़े हुए लोग जो मजदूरी का काम करते हैं, उनको भी गांव में ही खेत पर मजदूरी मिल गई। अब धीरे धीरे बाकी इलाकों में भी लोग पॉली पॉन्ड के बारे में जागरूक हो रहे हैं और जो इसे बनवा रहे हैं, उन्हें इसका लाभ हो रहा है।

**राहुल कुमार पटेल**
ग्राम– भाऊ खेड़ी, सीहोर मध्य प्रदेश




हिमालय की भूगर्भीय संरचना एवं विकास
प्रो. के. एस. वल्दिया (पद्मश्री) भू - वैज्ञानिक
तिथि- 21-जून 2009
स्थान- गंगोलीहाट
हिमालियन ग्राम विकास समिति (H.G.V.S.) गंगोलीहाट (पिथौरागढ़)


जलापूर्ति की चुनौतियों पर परिचर्चा एवं संवाद


Science Outreach Programme















# हिमालयन ग्राम विकास समिति

## संक्षिप्त परिचय


राजेन्द्र सिंह बिष्ट

पहाड़ पर पानी बरसा और बह गया। पूरे साल पहाड़ी आबादी स्वच्छ पेयजल के लिए तरसती रहती है और इसको ध्यान में रखते हुए वर्ष 1996 से ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक भागीदारी से जलस्रोतों के संरक्षण, जलापूर्ति का सिलसिला जो शुरू हुआ, वह 22 गांवों के हजारों लोगें के लिए, महिलाओं के लिए जीवनदायक बन गया। पहाड़ की चोटियों पर जल संरक्षण किया जाए और छठी क्लास में ही पहाड़ी संरचनाओं को बच्चों को पढ़ाया जाए ये इच्छा है।

पहाड़ पर पानी बरसा और बह गया। पूरे साल पहाड़ी आबादी स्वच्छ पेयजल के लिए तरसते रहते हैं और इसको ध्यान में रखते हुए वर्ष 1996 से ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक भागीदारी से जलस्रोतों के संरक्षण के कार्यो के साथ जलापूर्ति के भी कार्य किये हैं। संस्था द्वारा गंगोलीहाट के ग्राम नाग में 6500 फीट की ऊंचाई पर एक चार लाख लीटर क्षमता का वर्षाजल स्टोरेज टैंक बनाया है। करीबन 6000 फीट की ऊंचाई पर स्थिति ग्राम–भामा में एक–दो लाख लीटर के दो स्टोरेज बनाए हैं। संस्था ने गोकुलधुरा गांव के 24 व राईगढ़स्यारी के 42 परिवारों सहित कुल 122 घरों में 7500 लीटर क्षमता के रेन वाटर हार्वेस्टिंग टैंकों का निर्माण किया है।

### पिथौरागढ़ के मंदिरों में वर्षाजल टैंक

पिथौरागढ़ जिले के 8200 फीट ऊंचाई पर स्थित थलकेदार मंदिर में दो व डीडीहाट के सीराकोट व गंगोलीहाट के मड़के वर मंदिर में दस हजार लीटर के वर्षाजल टैंकों का निर्माण किया। गंगोलीहाट के ग्राम उप्राड़ा में मनरेगा योजना का प्रस्ताव तैयार कर 20 लाख लीटर की झील का निर्माण करवाने के साथ ग्राम झलतोला के 7000 फीट के ऊंचाई पर एक करोड़ लीटर की झील का निर्माण, इसके साथ ही 22 गांवों की 164 हैक्टेयर भूमि में कन्टॅर ट्रैन्च बनाकर जल संरक्षण के साथ नैपियर व औंस तथा चारा प्रजाति के पौधों का रोपण किया है। कोरोना में गंगोलीहाट के 30 ग्राम पंचायतों के 74 राजस्व ग्रामों में जलास्रोतों का चिन्हित कर जलसरंक्षण किया।

### जल संरक्षण के काम का असर, लोगों को सीधा लाभ

उत्तराखंड के सीमान्त जनपद पिथौरागढ के 200 से अधिक ग्रामों में जलस्रोत संरक्षण कार्य होने से 500 से अधिक जलस्रोत के भूजल में बढ़ोतरी होने से उनका संरक्षण हो रहा है। इन 22 गांवों का जल संरक्षण के कार्यों के साथ चारा विकास हुआ, चारे का उत्पादन बढ़ने से महिलाओं के कार्य बोझ में कमी आयी है। जलापूर्ति के कार्यों का प्रबंधन ग्रामीण समुदाय द्वारा किये जाने से रखरखाव के मद में खर्च होने वाली सरकारी धन की बचत के अलावा ग्रामीण क्षेत्र की 22511 आबादी की पेयजल समस्या का समाधान होने से लोगों के स्वास्थ्य में सुधार के साथ ही पशुपालन, सब्जी उत्पादन के कार्यो के बढ़ने से उनकी आजीविका में भी सुधार हुआ है।

सम्मान प्राप्त हुए–दधीचि अवार्ड 2017, पर्यावरण संरक्षक सम्मान 2017, सीमान्त सेवा रत्न अवार्ड 2018, उत्तराखण्ड गौरव सम्मान 2018,

### सरकार अथवा जल संरक्षण कार्य के लिए अपेक्षा

पर्वतीय क्षेत्र के जलस्रोतों के संरक्षण के लिये उन्हें चिन्हित किये जाने की आवश्यकता है। मध्य हिमालय में जल संरक्षण के कार्यों को बढ़ावा देने के लिये पहाड़ों की चोटियों पर कच्चे तालाबों का निर्माण होना चाहिए। पहाड़ की चोटी के क्षेत्र में सघन बांज व चौड़ी प्रजाति के वनों को संरक्षित करना। बांज वनों में चीड़ के फैलाव को रोकना ही होगा। पहाड़ की संपूर्ण संरचना तौर–तरीकों को अध्ययन कर कक्षा 6 से इसे स्कूली शिक्षा के पाठयक्रमों में शामिल किया जाना चाहिए।

**राजेन्द्र सिंह बिष्ट**
अध्यक्ष हिमालयन ग्राम विकास समिति,
आवलाघाट रोड, गंगोलीहाट, पिथौरागढ़ (उत्तराखण्ड)






नागौर जिला

केर, खेजड़ी जैसे परम्परागत पौधों के संरक्षण पर कार्य करें युवा









कसूंबी गांव में 2 साल से सूखा पड़ा था तालाब, ग्रामीणों ने 5 घं
सफाई कर हटाया कचरा, इस बार बारिश में सहेज सकेंगे पान

दैनिक भास्कर दिनांक 04 जून 2018

## संक्षिप्त परिचय



रजनीश शर्मा

राजस्थान प्रदेश में नागौर जिले का कसूम्बी गांव कम वर्षा वाला रेगिस्तानी क्षेत्र है। इस कारण अनादिकाल से लोग परंपरागत जलस्रोतों तालाब, कुएं, बावड़ी के पानी पर निर्भर रहे हैं। पिछले तीन दशकों में सरकार की योजनाओं से पाइप लाइन से घरों में पानी पहुंचाने से ये जलस्रोत उपेक्षा का शिकार होने लग गये। कचरा डालने, समय पर सफाई न होने से कसूम्बी के तालाब, बावड़ी और कुएं अस्तित्व के संकट से जूझ रहे थे।

# जल संरक्षण के क्षेत्र में पूर्वी चम्पारण जिला प्रशासन

### अपने गांव से हुई शुरुआत

परंपरागत जल स्रोतों की दुर्दशा देखकर मैंने अपने गांव से मई 2016 से इन्हें बचाने का अभियान शुरू किया। वहीं 500 वर्ष प्राचीन बावड़ी की सफाई करवाई और उसे रेन वॉटर सिस्टम का स्वरूप प्रदान किया। कसूम्बी में बालाजी मंदिर के सामने स्थित बावड़ी पिछले 70 वर्षों में उपेक्षा के कारण कचरे का ढेर बन चुकी थी। उसकी सफाई के लिए मित्रों को साथ लेकर सफाई अभियान चलाया। करीबन 15 दिन श्रमदान करके 22 ट्रॉली कचरा बावड़ी से निकाला। बावड़ी के निकट बालिका स्कूल की छत पर बारिश के दिनों में गिरनेवाले पानी को चैम्बर बनाकर पाइपलाइन द्वारा सीधे बावड़ी में उतार दिया। बावड़ी की सफाई से उसका प्राचीन स्वरूप बहाल हुआ।

### प्राचीन बावड़ी का नए स्कूल से जोड़ा रिश्ता

स्कूल की छत का पानी बावड़ी में उतारने से गत पांच वर्षों से बारिश का पानी सीधे जमीन में जाकर भूजल स्तर को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहा है। बारिश के मौसम में ये छत पर गिरने वाला लाखों लीटर पानी गलियों में बहकर कीचड़ पैदा करता था। अब उससे भी मुक्ति मिल गई है। बालाजी मंदिर के प्राचीन कुँए का जीर्णोद्धार करके उसमें मंदिर की छत का बरसाती जल उतार दिया और उसका भी लाभ मिल रहा है। इसी तरह पशु चिकित्सालय भवन की छत का पानी तालाब में उतारकर बरसाती जल का उपयोग किया तो वहीं अब पूरे अभियान से ग्रामवासियों को जोड़ने के लिए जल बचत के प्रति जागरूक बनाने के लिए वर्ष 2017 से जल साक्षरता अभियान का संचालन किया जा रहा है।

जल साक्षरता अभियान में बच्चों के लिए गर्मियों में जल कक्षाओं के आयोजन। जाखला तालाब की श्रमदान से सफाई करवाकर उसका पानी उपयोग लायक बनाने का प्रयास किया। अपने घर पर बरसाती पानी का संकलन करने के लिए टांके का निर्माण एवम रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया। इससे बरसाती टांका भरने के बाद ओवरफ्लो का पानी जमीन में जाकर भूजल स्तर में वृद्धि कर रहा है। जाखला तालाब में संग्रहित पानी का वाष्पीकरण रोकने के लिए तालाब की पाल पर 25 पीपल के पौधों का रोपण। कसूम्बी गांव में ज्यादा वर्षा हो, इसके लिए गांव के सार्वजनिक स्थानों और घरों में वर्ष 2016 से अब तक 11300 पौधे लगाये हैं, जो अब पेड़ बन चुके हैं। कसूम्बी के वार्ड नंबर 10 और 11 में दो वर्ष पहले घरों का गंदा पानी गलियों में कीचड़ और गंदगी पैदा करता था। मोहल्ले वासियों को प्रेरित करके 40 घरों में जल सोख्ता गड्ढों का निर्माण करवाया। अब इन घरों का गंदा पानी फिल्टर होकर सीधे जमीन में जा रहा है। इससे भूजल स्तर में बढ़ोतरी हो रही है। गली में गंदगी से निजात मिली है। इस प्रकार जल संरक्षण और परंपरागत जल स्रोतों के संरक्षण की दिशा में किये जा रहे इन प्रयासों से इन स्रोतों का बचाव सम्भव हुआ है।

**रजनीश शर्मा**
सामाजिक कार्यकर्ता
कसूम्बी, लाडनू, राजस्थान





























## संक्षिप्त परिचय


रमेशभाई पी. पटेल

पेशे से शिक्षक लेकिन सेवानिवृत्त हैं और इन्होंने स्कूल में पेयजल संकट से उबरने के लिए चेकडैम निर्माण में सहायता की वहीं गांव के सूखे तालाबों को पानीदार बनाने के लिए पाइप से नदी का पानी पहुंचाया। आज गांव के तालाब पानीदार हैं। युवाओं को जल, जंगल के प्रति समर्पण का भाव सिखाने के लिए अभियान चला रहे हैं।

# शिक्षक ने जब शुरू किया जल संरक्षण...

उगामेडी गांव में जब सन 1991 में शिक्षक की नौकरी में आया तब पानी की बहुत किल्लत थी। उस समय पीने का, नहाने का , धोने के लिए पानी बैरल से बेचा जाता था और उसकी कीमत 30 रुपए प्रति बैरल थी। हमारे गांव के जो दानवीर लोग थे वो पानीदार थे। मैं अपने आचार्य बीएस पटेल के साथ नौकरी के दौरान गांव विकास के काम में साथ रहता था। यहां 1998 में एक तालाब निर्माण हुआ, जिसमें बरसात का पानी जमा होने से गांव के कुंए और बोर में पानी आना शुरू हो जाता। वर्ष 2000–2001 में सौराष्ट्र जलधारा ट्रस्ट के साथ मिलकर 82 चेकडैम निर्माण किए। जिसके लिए हमारे गांव के दाताओं ने और किसानों ने 40 लाख रुपए दान में दिए। मैं ग्राम विकास समिति में सदस्य था और जहां डैम बनते वहां काम की देखभाल करता। जैसे ही बारिश के पानी से डैम भर गए तो किसानों के पानी के स्त्रोत जैसे कुएं, बोर में पानी आ गया। पीने का पानी गांव में हर घर आ गया और किसानों को लाभ हुआ। फसलें अच्छी होने लगी। वर्ष 2015 में लालजी भाई पटेल (धर्मनंदन डायमंड) और गांव के अन्य दाताओं के सहयोग से तीन तालाब बड़े और गहरे किए। एक तालाब की गहराई 30 फुट और अन्य दो की गहराई 20 फुट की। दो नदी के बीच पाइपलाइन बिछाई। उस काम में 10–12 करोड़ रुपए खर्च किए, जिनसे तालाब में हर साल पानी भरा रहता है।

### प्रकृति के प्रति समर्पण, पक्षियों को आश्रय...

स्कूल में सरदार इको क्लब बनाया और छात्र–छात्राओं को हर साल बारिश के पहले पौधा लगाने का काम करने का अभियान शुरू किया। जन्मदिन, वैवाहिक समारोह पर पौधा लगाते हैं, चिड़िया के लिए चकलीघर का वितरण 2006 से अभी तक लगातार चालू है, अभी तक 1.25 लाख 'चिड़ियाघर' का वितरण किया हैं। छात्रो अपने जन्मदिन या शादी जैसे शुभ प्रसंग में ये चिड़ियाघर लगाते है। गांव मे सफाई का काम करते हैं, रक्षाबंधन के दिन पेड़ को राखी बांधते हैं, होली का त्योहार तिलक होली से मनाते है जिससे पानी की बचत होती है और केमिकल से बचाया जा सकता है, प्लास्टिक की थैली के स्थान पर कपड़े और कागज की थैली इस्तेमाल करते हैं। नौजवान युवा ग्रुप ने गांव के मोक्षमंदिर (शमशान गृह) में 1000 से ज्यादा पेड़ लगाए और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई।

### युवाओं के लिए प्रकृति, जल संरक्षण अभियान जारी है...

प्रकृतिकी अनुभूति कराने के लिए छात्रों और युवाओं के लिए जंगल में शिविर अभियान जारी है। अभी तक 28 प्रकृति शिविर का लाभ छात्रों को जंगल में मिला है, जिससे वो पेड़ को बचाने का और पर्यावरण की रक्षा करने के कार्य सीखते हैं। वन क्षेत्र के प्राणी और पक्षियों की जानकारी पाते हैं, उसके संवर्धन के लिए कुछ सीखते हैं। हमारी शाला में आसपास के 10 गांव के बच्चे पढने आते हैं, वो सब पढ़ाई के साथ जल संग्रह और पर्यावरण बचाने का पाठ भी यहां सीखते हैं।

**रमेशभाई पी. पटेल**
रिटायर्ड आचार्यश्री, प्रिंसिपल
गुजरात के सौराष्ट्र के बोटाद, जिला, उगामेडी गांव





















**जागरण सिटी पूर्वी दिल्ली** www.jagran.com

# 42 साल पहले लुप्त हुए तालाब को मिला नया जीवन

**जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली :** जल संरक्षण और भूजल स्तर को बढ़ाने में तालाबों की अहम भूमिका है। ऐसे में तालाबों को बचाना बेहद जरूरी है। बारिश की बूंदों को सहेज कर हम तालाबों को बचाने के साथ-साथ भूजल स्तर को भी बेहतर कर सकते हैं। इस बात को समझा है 'से अर्थ' नामक संस्था ने। संस्था ने गाजीपुर गांव में 42 साल से लुप्त दो एकड़ में फैले तालाब (जोहड़) का जीर्णोद्धार कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) की मदद से कराया है, जो अब बारिश की बूंदें सहेजने को तैयार है। इस तालाब को पुनर्जीवित करने में पूर्वी दिल्ली नगर निगम का भी विशेष योगदान रहा है।



गाजीपुर गांव स्थित पार्क के एक हिस्से में विकसित किया जा रहा तालाब • जागरण

पार्षद अपर्णा गोयल ने बताया कि गाजीपुर गांव करीब 300 वर्ष पुराना है। यहां काफी बड़ा तालाब हुआ करता था। पहले घरों में इस्तेमाल हुआ पानी इसी तालाब में जमा होता रहता था, जिसमें गांव व आसपास का भूजल स्तर ठीक रहता था। लेकिन गांव के विकास के साथ-साथ तालाब में क्षेत्र का पानी जाना बंद हो गया। गांव के बुजुर्गों के अनुसार देखरेख के अभाव में करीब 42 साल पहले तालाब लुप्त हो गया था। लोग यहां कूड़ा व मलबा डालने लगे। गंदगी से लोगों को परेशानी होने लगी। लोगों की परेशानी को देखते हुए पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने इस तालाब को पार्क में तब्दील कर दिया। पार्षद ने बताया कि इस पार्क में तालाब को पुनर्जीवित करने के लिए लंबे समय से प्रयास चल रहा था। क्षेत्र में जल संरक्षण व भूजल के स्तर को बढ़ाने के लिए 'से अर्थ' संस्था की तरफ से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पार्क के दो एकड़ हिस्से में तालाब का लगभग काम पूरा हो गया है और पिछले दो दिन से लगातार हो रही बारिश के पानी को सहेजने भी लगा है। तालाब में अभी मात्र दो फीट पानी ही भरा है, लेकिन उम्मीद है कि जल्द ही तालाब पूरी तरह से भर जाएगा।

**तालाब के चारों ओर लगाए जाएंगे फूल व औषधीय पौधे :** 'से अर्थ' संस्था के सदस्य मोहित रनन ने बताया कि दिल्ली में यह हमारी पहली परियोजना है। गाजियाबाद में तालाब के जीर्णोद्धार को लेकर कई परियोजनाओं पर काम चल रहा है। यह सब कार्य कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) की मदद से कराया जा रहा है। गाजीपुर गांव में तालाब का कार्य लगभग पूरा हो गया है। तालाब के चारों ओर फूल व औषधीय पौधे लगाए जा रहे हैं। जब पौधे बड़े हो जाएंगे तो इससे तालाब की सुंदरता भी बढ़ेगी। इसी के साथ ही निगम का उद्यान विभाग तालाब के आसपास के खाली मैदान में बच्चों को खेलने के लिए झूले व अन्य हिस्से में पार्क को तैयार करेगा। साथ ही नाले व बरसात के पानी को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की मदद से शुद्ध कर तालाब में डाला जाएगा।

## संक्षिप्त परिचय



रामबीर तंवर

छात्र मन को जल से जीवन देने के लिए समर्पित करना आसान तो नहीं। लेकिन इस शख्सियत की खूबी ही है कि वह किशोरावस्था में ही पानी के महत्व को न सिर्फ समझा, तालाब के किनारे बसावट को भी समझाने में कामयाब हुआ कि तालाब कचरा फेंकने वाली जगह नहीं है। तालाब में गंदा, सीवर का पानी भी नहीं बहाना चाहिए। आज इस शख्सियत का नाम प्रधानमंत्री मन की बात में लेते हैं तो यूपी सरकार उन्हें स्वच्छता मिशन का एंबेसडर बनाती है।

# पॉन्डमैन ऑफ इंडिया

अपने छात्र जीवन से ही जल संरक्षण के प्रति समर्पित रहे हैं। उन्होने जल चौपाल का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्रशिक्षण के बाद उन्होंने एक गैर सरकारी संगठन का गठन कर पानी बचाने की मुहिम को तेज कर दिया। गांव के तालाब मर न जाएं इसके लिए तालाब बचाओ अभियान शुरू किया। गांववासियों को जोड़ा।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी मन की बात में उनके कियाकलापों का उल्लेख किया जिससे उनका हौसला बढ़ा। उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया, मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने राज्य का ब्रांड एंबेसडर बनाया। स्वच्छता मिशन से जोड़ा।

### भूजल सेना से जुड़े

भूजल के दोहन को रोकने के महत्व को देखते हुए यूपी सरकार ने भूजल सेना के समन्वय का कार्य सौंपा। धरती माता के पेट में पानी को उतारा जाए। इसका सबसे अच्छा साधन वह तालाब हैं जो पहले पानीदार थे उन्हें फिर से पानीदार बनाया जाए। जहां पानी है वह उपयोग के लायक नहीं है तो उन्हें संवारा जाए। अतिक्रमण बंद किया जाए, कचरा फेंकने वालों पर नकेल कसी जाए इसके लिए विशेष अभियान चलाए। एक–एक कर गौतमबुद्ध नगर के आसपास के जिलों में 40 तालाब बहाल किए व पुनर्जीवित किए।

### पहला तालाब बना नजीर

गौतमबुद्ध नगर के ड़ाबरा गांव की गंदी नालियों से इस्तेमाल किए हुए पानी, केमिकल युक्त गंदा पानी, सीवर सब इस तालाब में पहुंच रहा था। कचरा, गाद जमी हुई थी, घास से चारों तरफ यह तालाब अटा हुआ था। भूजल सेना ने इसे साफ किया, कचरे, घास को निकाला, जब गंदगी हटी तो यह पुनर्जीवित हो उठा और यही पहला तालाब था। इसके बाद तो पश्चिमी यूपी के सहारानपुर, बुलंदशहर, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा के एक–एक कर 40 तालाबों को जिंदा किया। आज उनसे वहीं रहने वाले लोगों को जल और जीवन मिल रहा है।

### तालाब पर पार्क, पार्क से बना रहे हैं तालाब

एनजीटी के आदेश के बाद दिल्ली में तालाबों को पुनर्जीवित करने की मुहिम शुरू हुई है। पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर गांव में ऐसे तालाब को वैज्ञानिक आधार पर विकसित किया जो पार्क बना दिया गया था। पूर्वी दिल्ली इलाके के ही मंडावली में भी सदियों पुराने तालाब को पार्क बना दिया गया। जब प्रशासन ने इसे दोबारा पार्क से तालाब बनाने की योजना बनाई तो इसे कैसे प्राकृतिक तौर पर विकसित किया जाए। कितनी खुदाई हो, कैसे जलदार बनाया जाए इसके लिए भूजल सेना और रामबीर तंवर विषेशता उपलब्ध करवा रहे हैं।

### सरकार एवं कॉरपोरेट ग्रुप्स अभियान में हुए शामिल

उत्तर प्रदेश सरकार के स्वच्छता मिशन ब्रांड एंबेसडर के तौर पर जल संरक्षण अभियान को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। तालाबों को पुनर्जीवन से जहां हजारों लोगों को पेयजल मुहैया करवा सके हैं तो वहीं आसपास के निवासियों को बताया कि तालाब कचरा फेंकने वाले स्थान नहीं हैं। पानी पूजयनीय है और इसकी शुद्धता बनाए रखना भी हमारी जिम्मेदारी है इस पर सभी को विचार करना होगा।

**रामबीर तंवर**
पॉन्डमैन ऑफ इंडिया
डाढा गांव कासना, ग्रेटर नोएडा, यूपी


Water Saver's Alliance
हम हैं जलप्रहरी
Mobile: +91 9452-56-4299


POSITIVE
A TIMES OF INDIA INITIATIVE










rld Water Day, 22nd March 2016
समग्र स्वस्थ जल मिशन
rehensive Healthy Water Mission
हम शपथ लेते हैं!

## संक्षिप्त परिचय



सजल श्रीवास्तव

विश्वविख्यात प्राचीन नगरी काशी के निवासी विगत 15 वर्षों से व्यक्तिगत रूप से एवम विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से नदियों, तालाबों, कुओं के पुनर्जीवन, उनकी साफ़ सफाई, जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, ग्रे वाटर मैनेजमेंट एवम घरेलू कचरा प्रबंधन हेतु सामुदायिक स्तर पर जन जागृति का कार्य कर रहे हैं।

# काशी के रेन वाटर हार्वेस्टिंग फ़िल्टर

बात छह वर्ष पूर्व से शुरू होती है, जब देश में बढ़ रही पानी की समस्या एवम पतालतोड़ दोहन के कारण भू जल स्तर में निरंतर हो रही चिंताजनक गिरावट को देखते हुए वर्षा जल संरक्षण के प्रति झुकाव बढ़ा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम से प्रेरित होकर सजल के मन में भी इस दिशा में कुछ अलग करने की इच्छा हुई। उन्होंने गूगल पर सर्च किया, बाजार में पता किया, तकनीकी बहुत महंगी लगी। बाजार में उपलब्ध रेन वाटर हार्वेस्टिंग फ़िल्टर की कीमत ही 6000 रुपए के आसपास दिखी। उन्होंने विचार किया कि तकनीकी महंगी होने एवम मेंटेनेंस की लागत अधिक होने के कारण ही लोगों का रुझान भू जल संवर्धन के प्रति नहीं हो पा रहा है। इस समस्या को दृष्टिगत रखते हुए चार वर्ष पूर्व रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सस्ती तकनीकी विकसित करने की एक शुरुआत की, जो पेण्ट के डिब्बे से शुरू होकर निरंतर विकसित होकर जलप्रहरी फ़िल्टर (छत से उतरने वाली पाईप में फिट हो सकने वाले फ़िल्टर) के रूप में एक मुकाम पर पहुंची। जिसकी लागत रुपए 1000 से कम आती है, इसके माध्यम से फ़िल्टर वर्षा जल को सीधे बोरवेल में उतारा जा सकता है। इसी प्रकार सजल श्रीवास्तव ने सिल्ट ट्रैप तकनीकी से भी वर्षा जल संरक्षण का तरीका निकाला जिसकी लागत रुपए 5000 से कम आती है और यह 500 वर्ग फ़ीट के क्षेत्रफल हेतु उपयुक्त है।

वेस्ट वाटर मैनेजमेंट हेतु ग्रे–वाटर फ़िल्टर की सस्ती तकनीक विकसित की। जिसकी लागत मात्र रुपए 2000 है। यह तकनीकी ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तिगत स्तर पर किचन, बेसिन एवं बाथरूम से निकलने वाले वेस्ट वाटर (ग्रे–वाटर) के मैनेजमेंट हेतु अत्यंत ही कारगर हो सकती है। इस प्रकार से फ़िल्टर किए गए पानी का इस्तेमाल बागवानी, घर के फर्श की साफ़ सफाई, जानवरों के बाड़े की सफाई, गाड़ियों की धुलाई, कंस्ट्रक्शन कार्यों, कारखानों में कूलिंग हेतु एवं शौचालय में फ्लश आदि कार्यों के लिए किया जा सकता है।

जल शक्ति मंत्रालय द्वारा सजल श्रीवास्तव को "वाटर हीरो" सम्मान प्राप्त हुआ है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा वाटर "चैंपियन सम्मान" भी प्रदान किया गया है। वर्तमान में सजल जम्मू कश्मीर के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवम केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना जल जीवन मिशन –"हर घर नल से जल" के अंतर्गत आई. ई. सी. एक्सपर्ट के रूप में कार्य करते हुए लोगों को पीने हेतु शुद्ध जल की महत्ता, जल संरक्षण, वर्षा जल संरक्षण एवम ग्रे वाटर मैनेजमेंट हेतु जागरूक कर रहे हैं।

**सजल श्रीवास्तव**
वाराणसी, उत्तर प्रदेश




पानी बचाओ अभियान
एक जनजागरूकता कार्यक्रम






वृक्ष लगाओ वृक्ष बचाओ अभियान
(एक जनजागरूकता कार्यक्रम)


पानी बचाओ अभियान

## संक्षिप्त परिचय



समीर निजाम अंसारी

भारत सहित 17 देशों पर पानी का संकट गहरा रहा है। इस एक खबर ने जिंदगी बदल दी, और देखते ही समीर अंसारी जल संरक्षण का मंत्र सीखकर दुनिया भर को पानी बचाने का संदेश देते हुए इस काम में जुट गए। इनके जुनून को देखकर अक्सर इन्हें लोग पागल कहते हैं। आयुर्वेदिक प्रोडक्ट का छोटा बिजनेस करने वाले समीर जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के बड़े लक्ष्य जरूर रखते हैं।

# घर में बनाया पिट, वर्षा और जल संरक्षण के लिए रखे बड़े लक्ष्य

अपने घर से ही सॉक पिट बनाकर चापानल और वर्षा जल संरक्षण से जल संरक्षण करना आरंभ किया फिर अपने मोहल्ले, शहर, जिले में शुरुआत की। अधिकार परामर्श केंद्र नाम से एक समिति बनाकर पूरे राज्य भर में कई वर्षों तक जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया। अब अपने संसाधनों से जन–जन तक जागरूकता फैलाना व जल संरक्षण कार्य कर रहे हैं।

**नदी बचाओ कार्यक्रम**

नदी बचाओ कार्यक्रम के तहत मुक्त कराए डहवा नदी भूमि के दोनों तट पर हजारों पौधे लगाए गए। बाद में खाली पड़ी बंजर भूमि पर 300 फीट लंबा 100 फीट चौड़ा मिट्टी बांध लगातार 5 वर्षों से बना रहा हूं जिसमें करोड़ों लीटर पानी जमा हो सकेगा। जो कि मोहल्ले के घनी आबादी महिला एवं पुरुष को स्नान करने, सिंचाई करने सहित सजीवों को पानी मिल सकेगा। इलाके में एक छोटा सा भी तालाब नहीं था और ना ही नदी जाने के लिए कोई मार्ग था, गर्मियों के दिनों में यहां के महिला पुरुष सहित पशु–पक्षी बूंद–बूंद पानी को मोहताज थे , यहां बनाए जा रहे बांध में पानी जमा होने पर यह कभी नहीं सूखेगा इस बात से आसपास के कई मोहल्ले के लोगों को काफी फायदा हो रहा है और अब छठ पूजा भी आसानी से हो सकेगी।

**समीर निजाम अंसारी**
देवघर, झारखंड














इन्हें है पानी बचाने की चिंता















ा ने रेलवे स्टेशन पर लगाई टे

21|10|2018

ान संवाद

न मिशन पानी बचाओ
 द्वारा संस्था अध्यक्ष
नेतृत्व में लम्भुआ में
लवे स्टेशन पर दर्जनों
गाई गई।
नावश्यक क्षतिग्रस्त
ाई को ब्लॉक किया
वे स्टेशन पर और
ा में कई जगह पानी
 टूट गई थी या तो
थी। क्षेत्रवासियों ने
र शिकायत की पर
को बदलवाया नहीं

रेलवे स्टेशन पर पानी के लिए टोटी लगाते युवा समाजसेवी • हिन्दुस्तान

गया, जिससे लोगों को पानी पीने में काफी असुविधा होती थी। पानी का दुरुपयोग रोकने की मुहिम लेकर चलने वाली संस्था एस आर फाउंडेशन ने क्षतिग्रस्त टोटियों को बदलने का बीड़ा उठाया है। सामाजिक पदाधिकारी कार्य कर रहे के दुरुपयोग को रोक रहे शिकायत मिलने पर मिशन अभियान चला रहा है।

# टोंटी और अलार्म अभियान

## संक्षिप्त परिचय



संदीप कुमार अग्रहरि

युवा साथियों की टीम क्रमवार गांवों व कस्बों तथा शहरी इलाकों में एक निश्चित दिन जाकर वहां क्षतिग्रस्त व गायब हुई टोटियों को बदलकर नई टोटी लगा रही हैं। अब तक हजारों टोटिया निःशुल्क वितरित की जा चुकी हैं और खुद खर्चे से सैकड़ों पानी सप्लाई पाइप के लीकेज को दुरुस्त कराया गया है।

सरकार, पंचायत, प्रशासन ने पानी के लिए वाटर टैंक लगा दिए, उसमें जनता को सुविधा हो इसके लिए टोंटी लगा दी लेकिन ये टोटियां अक्सर चोरी हो जाती हैं। पुलिस में ऐसे मामले दर्ज नहीं होते और न ही लोग इस तरफ ध्यान देते हैं। लेकिन हमने संदीप कुमार अग्रहरि की युवा साथियों की टीम क्रमवार गांवों व कस्बों तथा शहरी इलाकों में एक निश्चित दिन जाकर वहां क्षतिग्रस्त व गायब हुई टोटियों को बदलकर नई टोटी लगा रही है। अब तक हजारों टोटियों निःशुल्क वितरित की जा चुकी हैं और खुद खर्चे से सैकड़ों पानी सप्लाई पाइप के लीकेज को दुरुस्त कराया गया है।

### गांव से सोशल मीडिया के मंच तक

चेन्नई यात्रा के दौरान 2010 में मदुरै सहित अन्य जिलों के जलसंकट को देखकर अकेले ही सुल्तानपुर से पानी बचाओ अभियान की शुरुआत की और आसपास के स्कूल व कालेज में जलदोहन रोकने व जलसंरक्षण हेतु स्कूली बच्चों से सुझाव लेखन, मौखिक प्रतियोगिता का आयोजन शुरू कर दिया। इसके बाद सोशल मीडिया यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर व व्हाट्सएप के माध्यम से भी लोगों को जलदोहन रोकने के लिए जागरूक करने का अभियान आगे बढ़ाया।

### अलार्म भी है जल संरक्षण का हथियार

अनेक स्थानों पर पानी के टैंक भरने के बाद ओवरफलो होता है, ऐसा सरकारी इमारतों को विशेष रूप से दिखाई देता है। इसीलिए स्कूलों में टैंक वाटर फ्लो एलार्म लगाने की एक अनोखी पहल की गई, जिससे स्कूली बच्चों को इससे जलदोहन रोकने की प्रेरणा मिले और कुओं, तालाबों की रक्षा व सुरक्षा के लिए भी मेरे द्वारा बच्चों को जरूरी सुझाव व सलाह देकर प्रेरित किया जाता है।

### सम्मान राशि भी अभियान को समर्पित

केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय से जलनायक एवार्ड विजेता होने के उपरांत मुझे 10 हजार रुपये की जो राशि मिली है उससे मैंने स्कूलों में टैंक वाटर फ्लो अलार्म लगाने शुरू कर दिए।

**संदीप कुमार अग्रहरि**
ग्राम व पोस्ट भदैया, तहसील लम्भुआ
जिला सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश


Latitude: 24.439681
Longitude: 85.725818
Elevation: 370.54±12 m
Accuracy: 20.0 m
Time: 11:29
Note: ECD
Powered by NoteCam









# जन जागरण केन्द्र द्वारा जल संचयन कार्यक्रम

## संक्षिप्त परिचय



संजय कुमार सिंह

